

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



संविधान की प्रस्तावना से हटाए जाएं सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द 5

उम्मीद नहीं थी किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट देखेंगे : गिल 6

## प्राचीन सभ्यताओं के संवाहक हैं भारत और स्पेन, अब औद्योगिक विकास में करेंगे साझेदारी : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट में संबोधन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत और स्पेन दो प्राचीन सभ्यताओं के संवाहक हैं। दोनों देशों ने नैतिक मूल्यों के आधार पर अपनी पुरा संस्कृति को आगे बढ़ाया है। दोनों देश जुड़वा भाईयों की तरह हैं। अब विकास के मामले में भी हम मिलकर आगे बढ़ेंगे। संस्कृति के साथ-साथ तकनीक में भी स्पेन की एक अलग ही पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्पेन की राजधानी मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का सबसे तेजी से विकासशील प्रदेश है। यहां निवेश करना निस्संदेह फायदे का सौदा है। उन्होंने निवेशकों को मध्यप्रदेश की बेजोड़ खूबियां बताते हुए कहा कि यदि आप भारत में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो एक बार मध्यप्रदेश अवश्य आइये, मध्यप्रदेश को भूल नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में खनिज, पर्यटन, बड़े उद्योग, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री, तकनीकी विकास से जुड़े उद्योग स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। भारत में एमपी टूरिज्म सबसे तेजी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भरपूर भू-संपदा उपलब्ध है, जिसमें नई तकनीक का इस्तेमाल करने से विकास की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश, भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित है, इसलिए हम लॉजिस्टिक सेक्टर में अग्रणी बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अगर आप भारत के किसी और राज्य में भी उद्योग स्थापित करते हैं, तब भी आपको मध्यप्रदेश की आवश्यकता जरूर पड़ेगी। मध्यप्रदेश आंतरिक सड़कों, नेशनल हाईवेज, रेल और हवाई मार्ग से देश-विदेश से जुड़ा है। मध्यप्रदेश सभी सेक्टर्स में तेजी से आगे बढ़ने वाला भारत का राज्य बना है। हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में फूड प्रोसेसिंग, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर में बड़ी संभावनाएं हैं। हम सभी सेक्टर्स में यहां आने वाले निवेशकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने की क्षमता रखते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से आग्रह किया कि सुरक्षित निवेश के लिए आप बेहिचक मध्यप्रदेश से जुड़िए। हमारी 18 प्रकार की हाईटेक औद्योगिक नीतियों का लाभ लें।

## कैबिनेट बैठक में शुभांशु के लिए प्रस्ताव पारित

### विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी ऊर्जा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन ने भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के एक कदम और करीब पहुंचा दिया।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वापसी पर एक प्रस्ताव पारित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव और खुशी का अवसर है। आज पूरे देश के साथ मंत्रिमंडल भी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर बधाई देता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों का ऐतिहासिक मिशन पूरा किया है। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय है। यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के भविष्य की एक सुनहरी झलक पेश करता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को बधाई देता है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मिशन केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं है, यह भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक उदाहरण है। इससे हमारे बच्चों और युवाओं में जिज्ञासा बढ़ेगी और वैज्ञानिक सोच का विकास होगा। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा विज्ञान और नवाचार को अपना करियर बनाएंगे। मंत्रिमंडल का दृढ़ विश्वास है कि यह मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा।

## कांग्रेस जाति जनगणना के लिए देशव्यापी अभियान चलाएगी : सिद्धारमैया

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि बुधवार को कांग्रेस ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक में जाति जनगणना के लिए देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय जातिगत जनगणना तेलंगाना राज्य की जाति सर्वेक्षण को मॉडल बनाकर की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इन प्रस्तावों को बंगलूरू घोषणा का नाम दिया और कहा, यह जनगणना प्रत्येक व्यक्ति और जाति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, रोजगार और राजनीतिक पहलुओं को शामिल करते हुए होनी चाहिए।



दूसरा प्रस्ताव 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को समाप्त करने से जुड़ा है, ताकि ओबीसी वर्ग को शिक्षा, सेवा, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में समुचित आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। तीसरे प्रस्ताव में निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी ओबीसी के लिए संविधान के अनुच्छेद 15(4) के तहत आरक्षण की मांग की गई। सलाहकार परिषद ने सर्वसम्मति से न्याय योद्धा राहुल गांधी को समाज के वंचित वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की आवाज उठाने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी की अडिग प्रतिबद्धता ने मनुवादी मोदी सरकार को भारत में जातिगत जनगणना की न्यायपूर्ण और संवैधानिक मांग के आगे झुकने पर मजबूर कर दिया। पूरे देश के पिछड़े वर्गों की ओर से परिषद राहुल गांधी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय देती है।

केंद्र सरकार के जातिगत सर्वेक्षण के निर्णय को एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में केवल एक प्रारंभिक कदम है, जो भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप है।

## पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले में ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

## 21 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी। इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है। मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है। फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है। संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है। बता दें कि बीते अप्रैल माह में खत्म हुए संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता लगभग 18 फीसदी रही थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक राज्यसभा में भी भरपूर कामकाज हुआ और इस सदन की उत्पादकता 119 फीसदी रही। संसद के दोनों सदनों में 16 विधेयक पारित किए गए। इस सत्र के दौरान काफी हंगामा भी हुआ, लेकिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया।

## मनोनीत मुख्य न्यायाधिपति का राजभवन में हुआ आगमन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मनोनीत मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा का बुधवार दोपहर को राजभवन आगमन हुआ। न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा का राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजभवन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मनोनीत न्यायमूर्ति श्री सचदेवा का स्वागत किया। विदित हो कि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 17 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे राजभवन के सांदीपनि सभागार में न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाएंगे।

## रैली में सीएम ममता ने भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक गई, जिसमें टीएमसी महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस रैली में शामिल हुए। लगभग तीन किलोमीटर लंबे इस मार्च के लिए पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए और कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

विरोध मार्च के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। सीएम ने कहा कि मैंने अब से ज्यादा बांग्ला में बोलने का फैसला किया है, अब इसके लिए अगर हो सके तो मुझे हिरासत शिविरों में बंद कर दो।

## नाटो की भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें।



रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100% सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑल्टरनेटिव बिजनेस रूट तलाशेगा।

नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझेदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है। अमेरिका अब यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल जैसे आधुनिक हथियार देने वाला है, ताकि वह रूस के हमलों से बच सके। सेकेंडरी प्रतिबंध उन देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं जो सीधे प्रतिबंधित देश पर नहीं, लेकिन उसके साथ व्यापार करने वाले देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं।

## राहुल गांधी के वार पर सीएम सरमा का पलटवार

**गुवाहाटी।** राहुल गांधी ने असम दौरे पर कांग्रेस नेताओं से कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा को जेल भेजा जाएगा। इस पर असम के सीएम सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि खुद राहुल गांधी देशभर में कई मामलों में जमानत पर हैं। उन्होंने राहुल को तंज कसते हुए असम की मेहमाननवाजी का आनंद लेने की सलाह दी। असम की राजनीति में गर्मी बढ़ गई है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के असम दौरे पर दिए गए कथित बयान को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तीखा पलटवार किया है। सरमा ने एक्स पर राहुल गांधी के बंद कमरे में बोले गए कथित बयान का जिक्र करते हुए कहा कि जो खुद देशभर में कई मामलों में जमानत पर हैं, वो दूसरों को जेल भेजने की बात कर रहे हैं। यह टिप्पणी कांग्रेस की असम में रणनीतिक बैठक के बाद सामने आई है। राहुल गांधी असम दौरे पर थे, जहां उन्होंने कांग्रेस की राज्य स्तरीय राजनीतिक मामलों की समिति के साथ एक बंद बैठक की।

## सीएम डॉ. यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव का निधन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव का निधन हो गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर स्थित अपने निवास पर 98 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके निधन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, भाजपाप्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद ने दुख जताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव के निधन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उनके रीवा स्थित निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय यादव ने अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अनुषांगिक संगठनों के कार्य में समर्पित करते हुए राष्ट्र सेवा में योगदान दिया।

## कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते : सीडीएस



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेश से इंपोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में अनमैंड एरियल व्हीकल और काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम की प्रदर्शनी में कहीं। सीडीएस बोले- सेना ने ड्रोन्स का क्रांतिकारी इस्तेमाल किया युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा- मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया।

## काशी में गंगा के जल स्तर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी

**वाराणसी।** गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को गंगा का पानी अस्सी घाट पर सुबह-ए-बनारस मंच का ज्यादातर हिस्सा डूब गया। वहीं, शीतला माता का विग्रह और मंदिर पूरी तरह से डूब गया। गंगा के जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने मोटरबोट पर आरती देखने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। दशाश्वमेध घाट पर जल पुलिस चौकी तक पानी पहुंच चुका है।

मंगलवार को केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ बुलेटिन के अनुसार सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 68.42 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जलस्तर में चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही थी। जबकि दोपहर बाद दो सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से जलस्तर बढ़ा। शाम सात बजे गंगा का जलस्तर 68.70 मीटर रिकॉर्ड किया गया जो चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर से 1.56 मीटर नीचे है। अस्सी घाट पर सुबह-ए-बनारस के मंच तक पानी पहुंच गया।



दशाश्वमेध घाट पर स्थित शीतला माता मंदिर में बीते देर रात पानी प्रवेश कर चुका था और शाम तक मंदिर डूब गया। मंदिर का सिर्फ ऊपरी हिस्सा ही पानी से बाहर दिख रहा है। गंगा के मंदिर में प्रवेश के चलते मां शीतला का मुखौटा बीती रात ही आरती के बाद अहिल्याबाई स्टेट में अहिलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित कर दिया गया। मंगलवार से नित्य का राग-भोग व दर्शन-पूजन शुरू हो गया है। वहीं, नमो घाट पर नमस्ते स्कल्पचर का निचला हिस्सा भी डूब गया है। अस्सी से राजघाट के बीच घाट के सभी मंदिर जलमग्न हो चुके हैं। कई मंदिरों के तो सिर्फ शिखर ही नजर आ रहे हैं। जल पुलिस प्रभारी ने राजकिशोर पांडेय ने बताया कि दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती अब सांकेतिक रूप से होगी। मणिकर्णिका घाट पर छतों पर और हरिश्चंद्र घाट पर गलियों में शवदाह हो रहा है। गंगा आरती के समय नाविक श्रद्धालुओं को नाव और मोटर बोट पर बैठाकर आरती दिखाते हैं। बढ़ते जलस्तर की वजह से इस पर रोक लगा दी गई है। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से एनडीआरएफ और पीएसी तैनात की गई है।

गंगा की सहायक नदी वरुणा के पलट प्रवाह और वरुणा कॉरिडोर में बढ़ते जलस्तर से शहर के बीच बसी आबादी (तटवर्ती क्षेत्र) में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। मंगलवार को हिदायत नगर और आसपास के मोहल्लों में बाढ़ का पानी तेजी से घुस गया। इससे कई घर जलमग्न हो गए। उधर, दीनदयालपुर के भोला मौर्या, शोभा, सोना देवी, नत्थू सोनकर, रफीक, संजय चौधरी, बरसाती राम, अजय चौधरी, भूषण मिस्त्री और मुन्ना के घर में पानी भर गया है। वहीं, हिदायत नगर में काजू, मिराज, सलमान और चुन्नू सहित कई परिवार बाढ़ से प्रभावित हैं।

# सड़क सुरक्षा के लिए ट्राफिक नियमों का सख्ती से पालन कराये : सांसद

## सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** सांसद सीधी-सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा के अध्यक्षता एवं राज्यमंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक के प्रारंभ पूर्व बैठक में किए गए निर्णय के पालन प्रतिवेदन से अवगत होने के पश्चात सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमो का सही ढंग से पालन नही कराया जाना है। उन्होने निर्देशित किया कि जिले में ट्रफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग किया जाये कि दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के गाड़ी नही चलाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी वाहन सीमित गति से ही सड़क पर चले । उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमिति चेकिंग लगाकर वाहनो की फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन की जॉच करे। यह सुनिश्चित करे कि सभी छोटे-बड़े वाहनों के नम्बर प्लेट सही ढंग से लगे हो। साथ ही यह भी जॉच करे कि वाहन चालक शराब के नशे में तो वाहन नही चला रहे हैं। नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें।

सांसद ने निर्देशित किया कि किसी थाना क्षेत्र में सबसे अधिक सड़क दुर्घटना हुई उसकी जानकारी से अवगत कराने के साथ उस क्षेत्र को रेड जोन में चिन्हित करे। सांसद ने यह भी कहा कि सड़को में बनने वाले स्पीड ब्रेकर सही माप दण्ड के अनुसार बनाया जाये तथा बड़े वाहनो में आगे तथा पीछे की ओर स्पष्ट अक्षरो में वाहन का नम्बर लिखा रहे। उन्होंने कहा कि सड़को में लगने वाले संकेत भी उचित प्रकार से लगाया जाये। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सड़क के पटरियो में लगने वाले बाजारो के लिए स्थान चिन्हित कर बाजार के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करे। ताकि सड़क में होने वाले भीड़-भाड़ को कम किया जा सके। वही बैठक में द्वय विधायक ने सुझाव दिया कि जिले के सड़को में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही किया जाये। इसके साथ ही सड़को में भवन निर्माण के लिए सामग्री रख दी जाती है उसको हटाने के साथ ही खराब सड़को की मरम्मत कराई जाये। बैठक के दौरान एएसपी अभिषेक रंजन, सिंगरौली एसडीएम सृजन बर्मा, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बरगवां प्रमिला बर्मा, जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक, जनपद अध्यक्ष चितरंगी सिया दुलारी, जनपद अध्यक्ष बैढ़न, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, ननि आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी, आरटीओ बिक्रम सिंह राठौर, सीएसपी पीएस परस्ते सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# बंधौरा में कियोस्क संचालक के साथ हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**माड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को कर्सुआराजा से किया गिरफ्तार, 2 लाख 40 हजार का मशरुका जप्त, तीन फरार**




**सिंगरौली।** जिले के माड़ा थाना के बंधौरा चौकी के मलगा मुख्य मार्ग पर बीते 8 जुलाई को एक कियोस्क संचालक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जहां पुलिस ने इस लूट में शामिल दो आरोपियों को कर्सुआराजा से गिरफ्तार किया है। वही अभी तीन अन्य आरोपी फरार बताये जा रहे हैं।

जानकारी में बताया गया कि 8 जुलाई की रात करीब 9 बजे अपने कियोस्क शाखा बंद कर घर जा रहे अमित कुमार शाह पिता जमेसर शाह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मलगा पुलिस चौकी बंधौरा थाना माड़ा को लाठी डंडों से लैस 3 नकाबकोश लोगों ने मलगा रोड पर मारपीट कर उनके पास रखे 26 हजार 800 रुपये, हिसाब की कॉपी रजिस्टर, बायोमैट्रिक डिवाइस, दो चाभी, एक विवो कंपनी का मोबाइल तथा जेब से एक अन्य मोबाइल लूट लिया था। जिसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से आकर तीनों व्यक्तियों को अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर लाईट बंद कर भाग निकले। माड़ा निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा ने इस घटना में फरियादी की तहरीर पर धारा 309 (6) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जहां एएसपी अभिषेक रंजन व एसडीओपी केके पाण्डेय के निर्देशन में मामले के पड़ताल में लगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर नितीष कुमार शाह पिता श्रवण कुमार शाह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मलगा एवं संजय कुमार साकेत उर्फ रावण पिता रागजरा साकेत उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कर्सुआराजा पुलिस चौकी बंधौरा को कर्सुआराजा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक लाख रुपये नगद समेत 60 हजार कीमती एक एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल एवं 80 हजार कीमती पांच मोबाइल समेत 2 लाख 40 हजार का मशरुका जप्त किया है। पुलिस के मुताबिक इस घटना में उनके तीन अन्य साथी फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इस घटना को लेकर माड़ा पुलिस को बड़ी चुनौती थी। जिसमें दो आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस को थोड़ी राहत मिली है। लेकिन अभी भी तीन आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार जुटी हुई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा, चौकी प्रभारी बंधौरा उनि बीएल बंसल सहित उनकी टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी कराई है।

# चरगोड़ा विद्यालय के प्रागंण में सांसद-विधायक व कलेक्टर ने किया वृक्षारोपण



**सिंगरौली।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान भारत शासन का जन एवं सामुदायिक सहयोग से एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस अभियान का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को एक पौधा रोपित कर शुभारंभ किया गया। यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 30 सितम्बर तक पूर्ण उत्साह एवं व्यापक रूप से मनाया जाना है। इसी संबंध में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरगोड़ा के प्रागंण में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, डीएफओ अखिल बंसल, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियो द्वारा विद्यालयों के छात्र-छात्रों को पौधा रोपण करने के साथ उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया।

# वन परिक्षेत्र बैढ़न में सांसद-विधायक ने एक पेड़ माॅ के नाम अभियान के तहत किया पौधा रोपण



**सिंगरौली।** एक पेड़ माॅ के नाम अभियान के तहत वन परिक्षेत्र बैढ़न में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, डीएफओ अखिल बंसल, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नरेश शाह, समाजसेवी अरविंद द्विवेदी के द्वारा वन परिक्षेत्र बैढ़न में पौधा रोपण किया गया। ज्ञात हो कि एक पेड़ माॅ के नाम अभियान के तहत पूरे जिले में वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया जायेगा।

# साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं विद्यालय आने में मिलेगी सुविधा: डॉ. राजेश

**चरगोड़ा विद्यालय में सांसद व विधायक ने वितरित किया साइकिल**

**सिंगरौली।** सांसद सीधी-सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्र के मुख्य अतिथि एवं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के अध्यक्षता तथा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, डीएफओ अखिल बंसल के उपस्थिति में शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय चरगोड़ा में स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्रो को साइकिल वितरण किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मिश्र ने कहा कि राज्य में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी।

वही सिंगरौली विधायक श्री शाह ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि अब आप लोगो को साइकिल मिल गई है, विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की कोई समस्या नही होगी। उन्होंने कहा कि पहले पैदल स्कूल आने-जाने में समय जाया होता था, थकावट होती थी। उससे अब मुक्ति मिलेगी। जो समय बचेगा उसका सदुपयोग छात्र अपने पढ़ाई में कर सकेंगे। थकावट न रहने से पढ़ाई में भी मन लगेगा। अब आप सब की जिम्मेदारी है कि मन लगाकर पढ़ाई कर अपने जिले का नाम प्रदेश में रोशन करे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी अरविंद दुबे, संबंधित पंचायत के पंच-सरपंच, अभिभावक गण सहित डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, बीओ सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य एवं गुरुजन मौजूद रहे।

# विकासहीनता के खिलाफ भगवती मानव कल्याण का हल्लाबोल

## चितरंगी तहसीलदार को सौपा मांग पत्र, कार्यवाही नही हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

**सिंगरौली।** चितरंगी तहसील में व्याप्त नशाखोरी, भ्रष्टाचार और विकासहीनता के खिलाफ अब जनता की आवाज बुलंद हो चुकी है। भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के नेतृत्व में वर्षों से समाज को भय-भूख-भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं ने अब चितरंगी की समस्याओं पर निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में आज दिन बुधवार को चितरंगी में म.प्र. को नशा मुक्त और समस्यामुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता लाने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा नशा मुक्ति जनजागरण सद्भावना रैली का आयोजन कर चितरंगी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। रैली चितरंगी तहसील परिसर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा होते हुए यादव मोड़ तक और पुनः एसडीएम कार्यालय पहुंचकर रैली संपन्न हुई। रैली के समापन के बाद मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत 11 सूत्रीय ज्ञापन चितरंगी एसडीएम को सौंपा गया है। जिसमें क्षेत्र की गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया गया है और समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि चितरंगी तहसील क्षेत्र में नशाखोरी का साम्राज्य फैल चुका है। महुए से बनी कच्ची शराब का अवैध कारोबार करीब 1000 से अधिक स्थानों पर खुलेआम चल रहा है। वहीं लाइसेंस प्राप्त शराब दुकानें भी नियमों को ताक पर रखकर गांव-गांव की किराना दुकानों और गुमटियों तक शराब पहुंचा रही है। स्थिति इतनी विकट है कि आज शायद ही कोई गांव बचा हो, जहां अवैध गांजा और शराब का धंधा न हो और यह सब प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी प्रेम सागर गुप्ता, संगठन जिला अध्यक्ष शिवाकांत अग्रहरि, महिला अध्यक्ष रंजना गुप्ता, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रामबली पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी द्वारा किया गया वृक्षारोपण

## पदाधिकारियों और सदस्यों ने लिया पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प

**सिंगरौली।** लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी, सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वृक्षारोपण के दौरान फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। लायंस क्लब नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। सचिव विनम्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने भी लोगों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पेड़ की देखरेख करने का संकल्प लिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली को संरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी द्वारा किए गए वृक्षारोपण में एसडी सिंह, सजन अग्रवाल, डॉ. डीके मिश्रा, कामतानाथ केसरवानी, संजय ताम्रकार, इम्तियाज अहमद, मोहन जायसवाल, सुमित बंटी पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, विनम्र सिंह, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता की सहभागिता रही।

# एक बगिया माँ के नाम अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**सिंगरौली।** जिलें में एक बगिया माँ के नाम योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदान संस्था के टीम लीडर संतोष, एग्री चिकित्सा विशेषज्ञ हेमंत तथा वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सिंगरौली से डॉ.जय सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत पशु सखी, कृषि सखी तथा स्टाफ को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य एक बगिया माँ के नाम योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर सतत् और संरचित पौधरोपण गतिविधियों का संचालन करना था। साथ ही क्लस्टर स्तर पर गतिविधियों के विकास और सिपरी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा पौधों की प्रजातियों के चयन, गड्ढा खुदाई, पौधारोपण, जैविक खाद के उपयोग एवं नियमित देखरेख से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही सिपरी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से निगरानी करने की प्रक्रिया का डेमो भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी सहभागी सखियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और यह आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को सफल बनाएंगी। एक बगिया माँ के नाम योजना जिले में पर्यावरण संरक्षण, पोषण संवर्धन और आजीविका सुधार की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में तेजी से उभर रही है।

# ऊर्जाधानी एक्सप्रेस टकराई मवेशियों से, बड़ा हादसा टला

**सिंगरौली।** सिंगरौली से दिल्ली जाने वाली निजामुद्दीन ऊर्जाधानी एक्सप्रेस कटंगीखुर्द में आज दिन बुधवार को दो गायों से टकरा गई। इस घटना में कोई अताहत तो नही हुआ, लेकिन बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार सिंगरौली से दिल्ली निजामुद्दीन की ओर जाने वाले ऊर्जाधानी एक्सप्रेस में बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि कटंगी खुर्द से पहले दो गाय ट्रेन से टकरा गई। ट्रेन कुछ दूर तक गायों को ट्रेक पर घसीटती रही। जिससे डी रेल होने से बाल-बाल ट्रेन बच गई। बताया जाता है कि पायलट आनन-फानन में ट्रेन को रोक कर ट्रेन की स्थिति का चेकिंग किया। इसके बाद ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना किया गया।

# घोघरा व अमहा को जोड़ने वाला पुल हो गया है क्षतिग्रस्त

## बारिश के चलते हालात भयावह, हुये निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**सिंगरौली।** नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 13 और 14 की सीमा पर स्थित और घोघरा-अमहा टोला को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त के कगार पर दिखाई दे रहा है। बारिश के चलते पुल के हालात भयावह बना हुआ है। कहीं न कहीं हुये निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



आलम यह है कि जिले भर में जो भी निर्माण कार्य इन दिनों हो रहे हैं, उन पर सवाल खड़ा होना लाजमी है। क्योंकि जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, सभी बिलो टेंडर पर काम कराये जा रहे हैं। जब बिलो पर काम हो रहा है तो उसी में अधिकारियों को भी खुश करना है और संविदाकार भी कमाएगा। ऐसे में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, वह बेहद ही गुणवत्ता विहीन कार्य जमीनीस्तर पर देखने को मिल रहा है। यही हाल घोघरा व अमहा को जोड़ने वाला यह पुल है, जो अभी कुछ साल पहले ही बनाया गया था, लेकिन जिस तरीके से पुल के हालात दिखाई दे रहे हैं, ऐसे में यह कहा जा सकता है कि इसका अस्तित्व खतरे में है। स्थानीय लोगों की बातों पर गौर करे तो लगातार जिले भर में बारिश का दौर चल रहा है। इसी तरह क्षेत्र में भी लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में पुल क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं कि पुल के हालात ठीक नही हैं, अगर तेज बारिश हुई तो पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है। वही पुल के जो हालात में, उसको लेकर भी सवाल उठाया गया है कि अभी कुछ साल पहले ही यह पुल बना और गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या की ओर नगर परिषद सरई के अध्यक्ष के साथ-साथ सीएमओ का भी ध्यान आकृष्ट कराया है और अपील किया है कि अगर इस पुल पर चले तो सावधानी बरतें। वही आवागमन में सावधानी पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में सावधानी बरतनी आवश्यक है। वैकल्पिक मार्ग यदि संभव हो तो वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में एक दिवसीय रोजगार मेला संपन्न

## एकदिवासीय रोजगार मेला में 111 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

सीधी

मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा जिला रोजगार कार्यालय सीधी के निर्देशों के अनुपालन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार शासकीय महाविद्यालय मझौली में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार व स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराना था। रोजगार मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भाग लिया, जिनके प्रतिनिधि अपने कंपनियों की पूर्ण जानकारी देते हुए



विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इस रोजगार मेले में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 279 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, और कंपनी के एचआर के साथ सीधे बात करने का उन्हें अवसर मिला। साक्षात्कार के बाद 111 विद्यार्थियों को जॉब लेटर दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जन भागीदारी अध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र के युवक युवतियों को रोजगार प्राप्त होगा तथा उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में एक अलग से लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने चयनित विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में कृष्ण लाल पयासी जिला पंचायत सदस्य, जिला रोजगार अधिकारी अशोक तिवारी, देवेश मिश्रा प्रभारी आजीविका मिशन, डी आर तिवारी सहायक प्रबंधक डीटीआईसी, डॉ एस आर भारती सेवानिवृत्ति ग्रंथपाल, डॉ मनोज कोल,रमाशंकर गुप्ता, अखिलेश पांडेय, प्रो बी एल सिंह आयाम, प्रो सुनील सिंह, डॉ गंगादेवी बैरागी, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ वाहिदुननिशा, दीपक सिंह, गुलाब सिंह, संदीप कुमार कोल एवं बहुत अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## जिले में औसत वर्षा 602.3 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 16 जुलाई को सीधी जिले में 14.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 22.0 मि.मी., गोपद बनास में 26.4 मि.मी., सिहावल में 3.6 मि.मी., बहरी में 11.0 मि.मी., मझौली में 16.0 मि.मी. और कुसमी में 20.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 602.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 16 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 702.2 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 471.5, चुरहट में 522.0, गोपद बनास में 593.6, बहरी में 648.5 मझौली में 701.0 मि.मी. और कुसमी में 577.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 202.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 399.4 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# धौहनी क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को दिया गया प्रशिक्षण

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन में विधानसभा क्षेत्र 82 धौहनी में विधानसभा स्तरीय बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण दिनांक 14.07.2025 को कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली, दिनांक 15.07.2025 को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी एवं दिनांक 16.07.2025 को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महुआगांव में आयोजित किया गया। जिसमे निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आर.पी. त्रिपाठी एसडीएम, नोडल अधिकारी दिलीप सिंह तहसीलदार मझौली, सहायक नोडल अधिकारी राजेश पारस तहसीलदार मडवास, धन कुमार टोप्पो नायब तहसीलदार मडवास, अमित कुमार सिंह मुख्य नगर परिषद अधिकारी मझौली, अमित कुमार दुबे नायब तहसीलदार कुसमी, अंगिरा प्रसाद



द्विवेदी बी.आर.सीसी. कुसमी, चन्द्रशेखर मिश्रा तहसीलदार सरई, अमित कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार सरई, मास्टर ट्रेनर अमरदीप सिंह प्राचार्य, दिलीप कुमार गुप्ता उमा शि., के.एल. विश्वकर्मा प्राचार्य, संतोष कुमार तिवारी उ.मा.शि., शिवकुमार नामदेव प्राचार्य, जगदीश प्रसाद जायसवाल उ.मा.शि., बृजेश विश्वकर्मा मा.शि., रण विजय सिंह मा.शि., पी.एल. टाडिया वरि.अ., राज कुमार सिंह वरि.अ. एवं कम्प्यूटर सेवी विनय कुमार पाण्डेय ए.जी.एम. मझौली, सुचित कुमार तिवारी सहा.प्रो. निर्वाचन शाखा मझौली, कौशल किशोर प्रजापति डा.इ.आ. निर्वाचन शाखा मझौली, संजय कुमार साकेत डा.इ.आ. निर्वाचन शाखा कुसमी, सुबेदास रावत कार्यालय सहायक तहसील कुसमी एवं निर्वाचन सुपरवाईजर के.के. तिवारी निर्वाचन शाखा मझौली की उपस्थिति में बी.एल.ओ. प्रशिक्षण आयोजित किया जाकर निर्वाचन नामावली को त्रुटिरहित बनाने, घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य एवं एसआईआर के संबंध में जानकारी दी गई।

# जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया



**सीधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन नामावली त्रुटि रहित बनाने के लिए बूथ लेबल अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 16 जुलाई तक विधानसभा स्तर के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ को विधिक प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया घर-घर जाकर सत्यापन करना, मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता दोहरी प्रविष्टि जैसी जानकारी एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में सतत अवगत कराया गया तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बी.एल.ए से समन्वय स्थापित कर फॉर्म 06, 07 एवं 08 को बीएलओ एप आदि के माध्यम से बारीकियां से भलीभांति अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत ई- वैल्यूएशन ऑनलाइन माध्यम से कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त निर्वाचन कार्य मे संलग्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गिरदावली प्रोत्साहन राशि न मिलने से नाराज युवा सर्वेयर साथियों ने सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** चुरहट तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्य कर रहे सर्वेयर द्वारा गिरदावली का कार्य बीते एक वर्ष से रवी एवं खरीफ के फसल की गिरदावरी का कार्य किया गया जहां मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गिरदावली सर्वेयरों को प्रोत्साहन राशि देने का आश्वासन दिया गया जिसका भुगतान अभी तक एक वर्ष में भी न होने से नाराज सर्वेयरो ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जहां मुख्य रूप से वरुणेंद्र पाण्डेय अनुभव त्रिपाठी, अनुपम शर्मा, देवेंद्र पटेल, प्रिंस कुशवाहा, ऋषि चतुर्वेदी, अमन पाण्डेय, प्रियेश पटेल, सचिन तिवारी, नीरज गुप्ता, सुमित कारपेंटर सहित कई युवा उपस्थित हुए।

# स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 16 से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

## एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी, 18 जुलाई तक होंगे पंजीयन

**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

### एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है।

विद्यार्थी 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तक करना होगा।

आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

# आउटसोर्स नियोजन में अनियमितता पर सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं आउटसोर्स नियोजन में अनियमितता करते हुए कार्यादेश जारी करने के कारण नोटिस जारी की गई है। तीन दिवस के अंदर औचित्यपूर्ण जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा विभाग अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की अनुसंशा के आधार पर प्रदेश की वर्तमान में स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं (उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय) में मानक वर्ष 2024 के लिये पद सृजित किये गये हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें भोपाल मध्यप्रदेश के परिपत्र दिनांक 14.10.2024 के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि राज्य स्तरीय मानक वर्ष 2024 के अनुसार प्रथम चरण में प्रदेश में स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं उप स्वास्थ केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय में आउटसोर्स के आधार पर कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एन्ट्री आपरेटर (आउटसोर्स) तथा मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर (आउटसोर्स) व्यक्तियों का नियोजन किया जाना है। स्वास्थ्य संस्थाओं जिला सीधी अंतर्गत स्वीकृत पद में से रिक्त पद को आउटसोर्स के माध्यम से भर्ती करने के लिये शासकीय क्रय में कार्यकुशलता समयाबद्धता, मितव्ययिता पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धा को ब?ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन शासकीय विभाग एवं उनके घटकों द्वारा सामग्री एवं सेवा उपार्जन हेतु मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) जारी किया गया है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा जिला अस्पताल /सिविल सर्जन/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एन्ट्री आपरेटर मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर आउटसोर्स आधार पर की गई।

नियुक्तियों में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अनुरूप कार्यादेश जारी होना नहीं पाया गया है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट सर्रा में रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट सर्रा में रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उन्होने बताया कि वाणिज्य संकाय हेतु वाणिज्य वर्ग -1 के लिए एम कॉम में 50 प्रतिशत से अधिक व बीएड अर्थशास्त्र विषय में विशेष योग्यता तथा संस्कृत संकाय हेतु अतिथि शिक्षक वर्ग-2 के लिए बीए शास्त्री में 50 प्रतिशत से अधिक व बीएड होना अनिवार्य है। चयन मेरिट के आधार पर होगा। सामान अंक होने पर जन्म दिनांक को वरीयता होगी। आवेदन पत्र प्राचार्य कार्यालय में विज्ञापन जारी दिनांक से 10 दिवस के भीतर किया जाना है।

# पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये शुरू होगा अभियान

**सीधी।** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

प्रदेश में लगभग 5 लाख किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिये इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है। योजना में 20 लाख से अधिक किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है। योजना की 20वी किस्त का वितरण माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए लिंक ऑफिसर नियुक्त करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**सीधी।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अभियान चलाकर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए लिंक ऑफिसर नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुखों की अनुपस्थित में लिंक ऑफिसर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने कहा कि जून-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं तथा भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले एल1 तथा एल2 अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के चिन्हित मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया कि 23.04.2023 को अभियोक्त्रीर की मॉ ने अस्साल चौकी सीधी में सूचना दर्ज कराई कि दिनांक 22.04.2023 को वह खेत काटने गयी थी, जब वह शाम को वापस घर आयी तो उसकी पुत्री अभियोक्त्री लेटी थी, घर के लोग बैठे थे। जब उसने अभियोक्त्रीय से पूंछा कि क्याो हुआ तो अभियोक्त्री ने बताया कि अभियुक्तर राजेश कोरी जो घर के पास आइसक्रीम बेचता है, वह टमाटर तोडवाने के लिए अभियोक्त्रीय को अपने घर मैक्से गाडी से ले गया था। वहां अभियुक्त ने अभियोक्त्री को बिस्कुट खाने को दिया और शरबत जैसा कुछ पेय पदार्थ दिया जो कडवा था, जिसे वह नही पी रही थी तो अभियुक्तर ने जबरदस्तीऔ पिला दिया। उसके बाद अभियुक्तव ने उसे तख्ते पर पटकर दिया और अभियोक्त्रीी के ऊपर चढ कर जबरदस्तीा उसके साथ बलात्कावर किया। अभियुक्त् द्वारा खून पानी से एवं कपडा से साफ किया गया और उसे गाडी में बैठा कर वापस उसके घर के पास मेन रोड पर छोड दिया जहां से अभियोक्त्रीय गिरते-गिरते घर तक गई। घर में जब अभियोक्त्रीन खून लगे कपडे धो रही थी तब उसकी बडी बहन ने देख लिया और पूंछे जाने पर सब बताया। उक्तय जानकारी के बाद अभियोक्त्री की मॉ अभियोक्त्री को थाना लेकर गई जहां पुलिस के कहने पर अभियोक्त्री को अस्पेताल सीधी में एडमिट कराया गया एवं उसका उपचार कराया गया। उक्तो देहाती नालशी पर थाना कमर्जी में प्रथम सूचना रिपोर्ट 131/2023 अंतर्गत धारा 363, 376(3) भादवि एवं ड(2) पॉक्सोच एक्टव पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को माननीय पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्यव एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। मामले में की विवेचना के दौरान पाया गया कि अभियुक्त् राजेश कोरी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 559/13 अं?तर्गत धारा 376, 392, 323 भादवि का अपराध किया जाना एवं उक्तर अपराध में 376 भादवि का आरोप प्रमाणित पाये जाने पर अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्डर से दंडित किया जाना पाया गया। अभियुक्तक द्वारा उक्तर प्रकृति का अपराध पुनः किए जाने से मामले में धारा 376(ई) भादवि एवं 5(टी)/6 पॉक्सोर एक्ट का ईजाफा किया गया। संपूर्ण विवेचना पश्चाशत् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्याषयालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक04/2023में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री प्रशान्ता कुमार पाण्डे2य के द्वारा अभियुक्त राजेश कोरी का पूर्व आपराधिक एवं दोषसिद्धि रिकार्ड भी प्रस्तुशत किया गया जिसमें अभियुक्तक को बलात्संकग के मामले में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया था। उक्तत दण्डादेश में अभियुक्तल द्वारा 07 वर्ष 11 माह 04 दिन का कारावास भुगताया गया एवं उसे 02 वर्ष 26 दिन की माफी दी गई थी। अपराध की प्रकृति की पुनरावृत्ति होने से विशेष लोक अभियोजक श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेनय द्वारा माननीय न्यातयालय से निवेदन किया गया कि अभियुक्तय को अधिक से अधिक दंड से दंडित किया जावे। परिणामस्वरूप माननीय न्याययालय विशेष न्या यालय पॉक्सो एक्ट् सीधी के द्वारा अभियुक्ते राजेश कोरी पिता लखपति कोरी, उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चिलरी थाना कमर्जी जिला सीधी को धारा 366 भादवि के आरोप में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000/- रू. अर्थदण्ड एवं धारा 376(ई) भादवि में आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा तथा धारा (2) पॉक्सो एक्टभ में आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा एवं 50,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही अर्थदण्डष की धनराशि रूपये 60,000/- अभियोक्त्रीच को अपील अवधि पश्चापत् अपील न होने की दशा में क्षतिपूर्ति स्व रूप प्रदान किये जाने एवं रूपये दो लाख प्रतिकर पॉक्सोक अधिनियम 2012 की धारा 33(8) के अंतर्गत दिलाये जाने का भी आदेश पारित किया गया। प्रकरण में माननीय न्या1यालय के आदेश से संमंस / वारंट कोर्ट मुंशी आर. धर्मेन्द्रस सिंह द्वारा जारी कर साक्षियों को आहूत कराया जाना सुनिश्चित किया गया।

## संपादकीय

### बदलाव के दौर में विपरित दिशा की ओर बढ़ रहा समाज

इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि जिन बच्चों को देश और समाज का भविष्य माना जाता है, आज उनमें से कई इस रूप में सामने आ रहे हैं जिसके समाज पर व्यापक प्रतिगामी प्रभाव पड़ने वाले हैं। मौजूदा समय में बच्चों के बीच पलती-बढ़ती हिंसा के कई बार चिंताजनक रूप में अभिव्यक्त होने की घटनाओं को इक्का-दुक्का बता कर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नकारात्मक प्रवृत्तियां कोमल मन-मस्तिष्क वाले बच्चों के बीच तेजी से अपनी जगह बनाती हैं और उसका व्यापक असर समाज पर पड़ता है। सवाल है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसा क्या हुआ है कि जिन बच्चों की उम्र पढ़ने और खेलने की होती है, घर-परिवार से लेकर स्कूल तक के अग्रजों, अभिभावकों, बुजुर्गों, शिक्षकों की सलाह से एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की होती है, वे किसी मामूली बात पर बेकाबू हो रहे हैं। कुछ बच्चे साधारण बातों पर आक्रामक होकर प्रतिक्रिया देने लगे हैं या उनमें से कई अपनी बेहतरी के लिए खुद में सुधार करने की सलाह देने वाले शिक्षक की हत्या करने से भी नहीं हिचकते हैं। गौरतलब है कि हरियाणा के हिसार में पिछले हफ्ते एक स्कूल के प्रधानाचार्य की वहीं पढ़ने वाले दो बच्चों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, इसका कारण सिर्फ यह था कि प्रधानाचार्य ने उन बच्चों को अपने लंबे बाल कटवाने और स्कूल में अनुशासन का पालन करने को कहा था। यह एक सामान्य बात रही है कि स्कूलों के अध्यापक न केवल कक्षाओं में पढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के लिए जरूरी सलाह भी देते रहे हैं। इसका समाज पर बेहद सकारात्मक असर भी साफ दिखता था। मगर आज इन्हीं बातों पर कुछ छात्र प्रतिक्रिया में आपराधिक रास्ता तक अख्तियार कर ले रहे हैं। क्या यह स्मार्टफोन या अन्य संसाधनों के जरिए आभासी संसार में डूबे रहने की बढ़ती अवधि और अन्य कुछ वजहों से सोचने-समझने की प्रक्रिया के शिथिल होने का नतीजा है कि बच्चों के भीतर हिंसक प्रवृत्तियों का विकास हो रहा है और वे अपने हित को लेकर विवेक के उपयोग को लेकर उदासीन हो रहे हैं? जाहिर है, यह समय रहते समूचे समाज के लिए चेतने और जरूरी पहल करने का वक्त है।

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक

(ललित गर्ग)

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था।



टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नोलॉजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें। एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए-क्रिप्टो ट्रांजैक्शन की रियल-टाइम निगरानी, साइबर आतंकवाद पर विशेष फोर्स का गठन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आतंकी कंटेंट की पहचान और हटाने के लिए मजबूत कानून, डार्क वेब और फेक डोनेशन चैनलों की सतत निगरानी आदि कदम उठाने चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और तेज़ किया है, वहीं इसका दुरुपयोग करके आतंकवाद को नया चेहरा देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं। एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीरता से लेने और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना होगा ताकि वे अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद एवं डिजिटल आतंकवाद के अड्डों को समाप्त करें। तभी एक सुरक्षित डिजिटल विश्व और शांतिपूर्ण वैश्विक समाज की कल्पना की जा सकती है। एफएटीएफ रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि आतंकवादियों ने अपने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए वैश्विक दर्शकों से धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर धन उगाहने वाले प्लेटफॉर्म और क्राउडफंडिंग माध्यमों से आतंकवाद के वित्तपोषण प्राप्त किया है। आतंकवादी संगठन पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल तरीकों से भी धन जुटाकर आतंकवाद को अंजाम दे रहे हैं।

भारत ने एफएटीएफ रिपोर्ट को अपने रुख के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई की मांग की गई है। यह रिपोर्ट आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। यह रिपोर्ट आतंकवाद के वित्तपोषण और संचालन में शामिल देशों और व्यक्तियों पर दबाव बढ़ाने और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने में सहायक हो सकती है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सिद्धांत और सुविधा सियासी नीति

**मोदी विरोधियों को तो जैसे खुशी का मौका मिल गया, कि अगर बीजेपी ने रिटायरमेंट की नीति चली तो फिर मोदीबम से मुक्ति मिल जाएगी. यह बात सही है, कि भाजपा ने इस आयु सीमा के कई वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर मार्गदर्शक मंडल में भेजा. कई नेताओं के लोकसभा, विधानसभा के टिकट काटे गए. कई नेताओं को केवल इसलिए मंत्री नहीं बनाया गया, क्योंकि वह यह आयु सीमा पार कर चुके हैं।**

( सरयूसुत मिश्रा)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सार्वजनिक जीवन में 75 साल के बाद रिटायरमेंट की बात क्या कह दी नई राजनीतिक बहस छिड़ गई. वह स्वयं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस उम्र के करीब हैं..!!

मोदी विरोधियों को तो जैसे खुशी का मौका मिल गया, कि अगर बीजेपी ने रिटायरमेंट की नीति चली तो फिर मोदीबम से मुक्ति मिल जाएगी. यह बात सही है, कि भाजपा ने इस आयु सीमा के कई वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर मार्गदर्शक मंडल में भेजा. कई नेताओं के लोकसभा, विधानसभा के टिकट काटे गए. कई नेताओं को केवल इसलिए मंत्री नहीं बनाया गया, क्योंकि वह यह आयु सीमा पार कर चुके हैं।

यह कोई बीजेपी का संविधान नहीं है. बीजेपी की पार्टी विधान में ऐसी कोई समय सीमा रिटायरमेंट के लिए निर्धारित नहीं है. आयु सीमा का गणित पार्टी की रणनीति हो सकती है. यह कोई निर्धारित नीति नहीं है. इसलिए मोदीबम से मुक्ति की कल्पना करने वाले राजनेताओं को निराश होना पड़ सकता है।

सियासत में रिटायरमेंट पार्टी और पर्सन पर निर्भर करता है. अब तक का इतिहास तो ऐसा नहीं है, कि कोई भी सक्सेसफुल राजनेता रिटायरमेंट लेता हो. कांग्रेस में तो उनके वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ही 82 साल के ऊपर हैं. सोनिया गांधी भी इस आयु सीमा से अधिक आयु की हैं. शरद पवार भी 84 साल के ऊपर हैं. लोकतंत्र में पब्लिक एनवायरमेंट सियासी रिटायरमेंट तय करता है।

मोदी के मामले में तो यह और ज्यादा साफ है, क्योंकि वह पहले राजनेता हैं जो प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे. जनादेश उन्हें प्रधानमंत्री के लिए मिला था. तब से लेकर लगातार मोदी के नाम पर ही बीजेपी को जनादेश मिल रहा है. जब कोई नेता पार्टी के लिए इतना लाभकारी होता है, तो पार्टी उसकी उम्र की चिंता नहीं करती. जब तक मोदी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्षम रहेंगे, तब तक पार्टी उनके नेतृत्व में जन विश्वास को भुनाने की कोशिश करेगी।

मोदी रिकॉर्ड मेन हैं, अगर उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू के पीएम कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ना है, तो फिर उन्हें अगले लोकसभा चुनाव के बाद भी पीएम पद ग्रहण करना पड़ेगा. मोदी सामान्य नेताओं से अलग हैं, यह तो देश समझ चुका है. वह स्वेच्छा से पद छोड़ने का निर्णय करके राजनीति में एक आदर्श स्थापित करने के लिए आगे बढ़े, तो बीजेपी के लिए संकट खड़ा हो सकता है।

बीजेपी ने 75 साल की उम्र के आधार पर जहां कुछ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में भेजा. वहीं कुछ नेताओं को अपवाद स्वरूप दायित्व भी सौंपे हैं. एक प्रमुख नाम कर्नाटक के बी. एस. येदियुरप्पा का है. लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में ही ऐसे दो नेताओं को संसद के चुनाव में उतार गया जिनकी उम्र इस आयु सीमा से ऊपर थी. इनमें नागेंद्र सिंह और जगन्नाथ सिंह रघुवंशी शामिल हैं. इसलिए जो लोग मोदी के रिटायरमेंट की कल्पना में खुश हो रहे हैं, उन्हें कुछ हासिल होने की संभावना नहीं दिख रही है। मोदी का एजेंडा अभी अनफिनिश्ड है. क्षणभंगुर जीवन में बहुत कल्पना जायज नहीं होती, लेकिन फिर भी सियासी प्लानिंग तो चलती है।

मोहन भागवत का इशारा भले ही नरेंद्र मोदी की तरफ ना हो, उन्होंने एक सिद्धांत के तहत स्वाभाविक लहजे में यह बात कही हो, लेकिन सियासत तो बाल में खाल खोज लेती है. मोदी की सियासत पहले दिन से ही कुछ खास लोगों को नहीं सुहा रही है. ऐसी ताकतों की राजनीति मोदी विरोध पर ही टिकी हुई है।

अगर राजनीति को सेवा या व्यवसाय के रूप में देखा जाए, तब भी इसमें रिटायरमेंट जैसा कोई बंधन नहीं है. भारतीय संस्कृति जरूर 75 साल के बाद वानप्रस्थ की धारणा पर केंद्रित है. कोई भी इंसान जो भी दायित्व परफॉर्म कर रहा है, वह लीला जैसा दृश्य है. मंच पर परदा गिरने के साथ ही दृश्य समाप्त हो जाता है।

हमारी संस्कृति में वानप्रस्थ की कल्पना जीवन के उद्देश्यों के साथ जुड़ी है. संस्कृति के संकेत व्यक्ति के लिए होते हैं. अभी तक जो सियासी प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है, उसमें तो रिटायरमेंट की सोच ही बेमानी लगती है. सत्ता का जीवन हो तो फिर तो रिटायरमेंट सजा जैसी हो जाती है. जब तक जनादेश साथ हो सत्ता पर काबिज हो, तब तक रिटायरमेंट इस तरीके से अकल्पनीय है, जैसे सुख के क्षणों में ईश्वर की भी याद नहीं आती।

सैद्धांतिक और वैचारिक रूप से रिटायरमेंट सुख शांति की मानसिक अवस्था के लिए जरूरी है. अनुभव की परिपक्वता रिटायरमेंट को सुखद बनाती है. सियासत भी सामाजिक जीवन से अलग नहीं है. रिटायरमेंट देश और समाज से ज्यादा व्यक्ति के लिए जरूरी है. सियासत में अगर आयु की अधिकतम सीमा वैधानिक रूप से निर्धारित की जाती है, तो यह भारतीय संस्कृति के अनुरूप होगा।

राजनेता भी लोक सेवक होते हैं और शासकीय लोक सेवकों के लिए रिटायरमेंट की आयु सीमा निर्धारित है. जिस दिन सेवा में प्रवेश करते हैं, उसी दिन ही उन्हें इस तिथि का भान होता है. प्रकृति तो प्रवाह है .यह प्रवाह ना एक व्यक्ति से चलता है और ना किसी व्यक्ति के लिए रुकता है।

प्रकृति और संस्कृति पर ही खतरे बढ़ रहे हैं. इनकी रक्षा के लिए इनके नियमों को सरकार और सियासत में अगर अपनाने की कोशिश की जाएगी तो इसका प्रवाह भी नेचुरल हो सकेगा. व्यक्ति की उम्र से ज्यादा पदों के अधिकतम कार्यकाल को अगर समय की सीमा में बांधा जाएगा, तो ज्यादा उपयुक्त होगा. हेल्थ इंडिकेटर्स यही बताते हैं, कि हमारी औसत आयु बढ़ रही है. सीनियर सिटीजन की उम्र भी बढ़ना चाहिए।

अमेरिका रूस चीन में जो नेता उन देशों का नेतृत्व कर रहे हैं. मोदी की उम्र तो उनसे कम है. भारत के मोदीबम की दुनिया में एटम बम जैसी धमक है. मोदी विरोधी भारत में उनकी उम्र पर राजनीतिक बहस कर रहे हैं और पाकिस्तान में मोदी के कार्यकाल का डर दिखाई पड़ रहा है। अब तक ना संविधान में राजनेताओं के रिटायरमेंट का कोई प्रावधान है और ना ही पार्टियों के विधान में इसका कोई उल्लेख है. इसके बावजूद रिटायरमेंट कुछ नया करने को प्रेरित करता है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उम्र तो अभी बहुत कम है, लेकिन फिर भी वह वेद-उपनिषद के अध्ययन और जैविक खेती को अपना रिटायरमेंट प्लान बता रहे हैं. मतलब जीवन में रिटायरमेंट कितना ज़रूरी है. ऐसे किसी विधान पर विचार अगर होगा तो ये मोदी जैसा रिकॉर्डमेन ही कर सकता है।

## वर्ग पहेली 5794



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के समय युवराज के मस्तक पर लगाया लाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अस्वजन, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खासा ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विंध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रतितामह (4)
20. विरूद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पार अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

**ऊपर से नीचे**

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्राणतत्व, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, आवक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलक, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

**वर्ग पहेली 5793 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रो | मा | नि | या | | कु | श | ल |
| ज | न | | द | ह | श | त | |
| ना | ना | ना | | ल | व | | था |
| म | | पा | स | | ती | त | र |
| चा | बु | क | | व्यो | | बा | |
| | डा | | ना | म | ज | द | गी |
| | पे | प | र | | म | ला | |
| ड | स्ट | र | | मी | ना | | |

# पांडवों से जुड़ा है केदारनाथ मंदिर का इतिहास, क्या है पौराणिक कथा

(अनन्या मिश्रा)

केदारनाथ धाम को लेकर कई कथाएं हैं। लेकिन महाभारत में भी केदारनाथ धाम से जुड़ी एक कथा का उल्लेख मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि केदारनाथ धाम का निर्माण कैसे हुआ।

हिंदू धर्म में केदारनाथ धाम का बहुत महत्व माना जाता है। इसको 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माना गया है। केदारनाथ धाम को भगवान शिव का निवास स्थान भी माना जाता है। धार्मिक पुराणों के मुताबिक महादेव हर समय केदारनाथ धाम में विराजमान रहते हैं। इसलिए हर साल हजारों की संख्या में भक्त केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से केदारनाथ धाम मंदिर में जाता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस पवित्र धाम को लेकर कई कथाएं हैं। लेकिन महाभारत में भी केदारनाथ धाम से जुड़ी एक कथा का उल्लेख मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि केदारनाथ धाम का निर्माण कैसे हुआ।

**श्रीकृष्ण ने बताया था मुक्ति का मार्ग:** धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक महाभारत युद्ध में विजय पताका फहराने के बाद हस्तिनापुर के राजा पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर बने। उन्होंने चार दशकों तक हस्तिनापुर के सिंहासन को संभाला था। एक बार जब श्रीकृष्ण और पांडव महाभारत युद्ध पर चर्चा कर रहे थे, तभी पांडव बोले कि प्रभु हम सभी भाइयों पर अपने ही भाइयों पर हत्या का कलंक है। इस कलंक से मुक्ति कैसे पाएं। तब श्रीकृष्ण ने कहा कि महाभारत में युद्ध में तुम्हारी जीत हुई, लेकिन इसके बाद भी अपने भाइयों को मारने के कारण तुम पाप के भागी बन गए हो। ऐसे में इस पाप से मुक्ति महादेव ही दिला सकते हैं।

**भगवान शिव की खोज में निकले पांडव:** इसके बाद पांडव मन ही मन परेशान रहते लगे और सोचने लगे कि राजपाठ त्याग कर महादेव की शरण में कैसे जाएं। इसी दौरान पांडवों को भगवान श्रीकृष्ण के शरीर त्यागने का पता चला। भगवान कृष्ण के परमधाम लौटने की बात सुनकर पांडव व्याकुल हो उठे। युद्ध में पांडव अपने गुरु, पितामह और मित्रों को पहले ही खो चुके थे। वहीं अब श्रीकृष्ण का भी साथ छूट गया था। ऐसे में पांडवों ने परीक्षित के हाथों में हस्तिनापुर राज्य सौंप दिया और द्रौपदी के साथ पांडव भगवान शिव की तलाश में निकल पड़े।

**भोलेनाथ को खोजने हिमालय पहुंचे पांडव:** भगवान शिव के दर्शन के लिए पांचों पांडव और द्रौपदी व्याकुल हो रहे थे। इसके लिए पांडव सबसे पहले काशी पहुंच, लेकिन शिव वहां नहीं मिले। इसके बाद पांडव कई जगह गए, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही महादेव वहां से चले जाते थे। पांडव और द्रौपदी भगवान शिव को खोजते-खोजते हिमालय तक जा पहुंचे। जैसे ही भगवान शिव ने हिमालय में पांडवों को देखा, तो वह छिप गए, लेकिन युधिष्ठिर ने भगवान शिव को देख लिया। तब उन्होंने कहा कि वह बिना शिव के दर्शन के वहां से नहीं जाएंगे। क्योंकि हमने पाप किया है और आप इसलिए हमसे छिप रहे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

कल आपका दिन खास चीज की तैयार करने में निकल सकता है। धन, सुविधाओं और सांसारिक चीजों को लेकर आपके सोचने का तरीका बदल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम आपको सोच-समझकर करना होगा। अच्छी तरह सोच-विचार करके फैसले लेने से आपके आत्म सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृष

आपका दिन कल शुभ रहने वाला है और आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, धन-संपत्ति में लाभ के योग भी बन रहे हैं। आपके जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और व्यवसाय के क्षेत्र में कई नए अवसर और सहयोग प्राप्त हो सकते हैं।

### तुला

सफलता के नए अवसरों का उठाएं लाभ इस राशि के जातकों का दिन कल खुशनुमा रहेगा और सुख-शांति में वृद्धि होगी। इसी के चलते मानसिक तनाव भी कम होगा। कार्यक्षेत्र में किसी प्रिय मित्र की सलाह और सहयोग की मदद से आप अपने बिगड़े कार्यों को सुधार सकते हैं। साथ ही, सफलता भी प्राप्त करेंगे।

### वृश्चिक

कल के दिन कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामकाज को सुधारने पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है। अगर आप किसी अनुभवी या विशेषज्ञ की सलाह लेकर सही निर्णय लेते हैं या काम आगे बढ़ाते हैं, तो आपको लाभ जरूर मिलेगा। कुछ समय बाद आपके अच्छे दिन की शुरुआत होने के संकेत भी मिल रहे हैं।

### मिथुन

इस राशि के लोगों के लिए कल का दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहने वाला है। आपको दिनभर कामकाज के चलते ज्यादा भागदौड़ करने पड़ सकती है और कार्यों की वजह से दिन चिंता में व्यतीत हो सकता है। आपको अपनी पत्नी के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

### कर्क

आपको संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता हासिल हो सकती है और किसी बढ़िया संपत्ति की प्राप्ति भी हो सकता है। हालांकि, इसके लिए कुछ धन खर्च हो सकता है। परिवार में आपको संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### धनु

अचानक कहीं से धन होगा प्राप्त सूर्य के कर्क राशि में जाने से धनु राशि का कल का दिन बहुत भाग्यशाली रहने वाला है। आपको कहीं से अचानक बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति हो सकती है। इससे आपके जोड़े हुए पैसों में भी वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होने लगेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी समझदारी और चतुराई से सभी समस्याओं का समाधान करना होगा।

### मकर

अधूरे काम करने होंगे पूरे कल के दिन आप कामकाज में बाकी दिन से अधिक व्यस्त रह सकते हैं। जरूरी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए व्यापार और व्यवसाय की तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी तभी जाकर लाभ प्राप्त हो पाएगा। कार्यस्थल पर अधूरे कामों को कल ही पूरा करना जरूरी होगा।

### सिंह

भाग्य कल सिंह राशि वालों का पूरा साथ देगा, जिससे आपका दिन अच्छा निकलने वाला है। कार्यस्थल पर स्थान परिवर्तन की संभावना बनी हुई है। लेकिन यह आपके लिए लाभकारी साबित होगी। व्यापार के मामले में आपको खास सहयोगी से अच्छी बातचीत बनाए रखने और मधुर वाणी का प्रयोग करने से लाभ हो सकता है।

### कन्या

कल का दिन आपके लिए कुछ लाभदायक रहेगा और कुछ चुप रहने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके पास कई लोग सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। ऐसे में आपको शांति और समझदारी के साथ सभी की मदद करनी होगी। इससे आपके सम्मान में वृद्धि होगी और यही लोग भविष्य में आपके काम आएंगे।

### कुंभ

हर क्षेत्र में पाएंगे सफलता आपके लिए कल का दिन बेहतरीन रहने वाला है। भाग्य आपका पूरा साथ देगा, जिससे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आएगी। व्यापार में धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में भी हर मामले में पक्ष आपकी ओर ही रहेगा। आपके शत्रु कितने ही ताकतवर क्यों न हो वे आपके सामने ज्यादा देर नहीं टिक पाएंगे।

### मीन

अच्छा बीतेगा दिन कल का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। घर-परिवार का माहौल शांतिपूर्ण बना रहेगा और किसी मांगलिक कार्यों का आयोजन भी किया जा सकता है। व्यापार और आर्थिक मामलों में भी आपके लिए समय अनुकूल रहेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और किसी यात्रा पर जाने के योग भी बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में 14 सरकारी अधिकारियों पर गिरी गाज



**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा से 14 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक इन 14 अधिकारियों पर 7 करोड़ रुपये के तेंदूपत्ता घोटाले का आरोप लगा है। इससे पहले स्कैम में शामिल 4 वनकर्मी और 7 प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधक समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में तत्कालीन डीएफओ अशोक कुमार पटेल भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जानिए क्या है पूरा मामला...

तेंदुपत्ता स्कैम में अधिकारियों द्वारा बोनस को अपने निजी लाभ और सहयोगियों के नीचे खर्च करने की बात सामने आई है। ये घोटाला साल 2021-22 के तेंदुपत्ता सीजन से जुड़ा हुआ है। इस सीजन में करीब सात करोड़ रुपये का संग्राहकों को दिए जाने थे। ये रुपये तेंदूपत्ता संग्रह करने वालों को बोनस के तौर पर दिए जाने थे। आरोप है कि इसी बोनस को अधिकारी डकार गए हैं। आपसी साठ-गांठ के चलते संग्रह करने वाले लोगों तक इसका रुपया नहीं पहुंचा।

इस घोटाले में सुकमा के वन विभाग अधिकारी अशोक कुमार पटेल का नाम सामने आया था। इन लोगों ने बोनस को लाभार्थियों को न देकर अपने और निजी व्यक्तियों को दे दिया। अब इस मामले की जांच हो रही है तो कई बड़े-छोटे अधिकारियों के नाम खुलकर सामने आ रहे हैं। सामने आया है कि इस घोटाले में पूर्व विधायक मनीष कुंजाम और कुछ पत्रकार भी शामिल हैं।

### बेटी ने हेरोइन खरीदने के लिए बेच दी पिता की कार



**हमीरपुर, एजेंसी।** ड्रग्स की लत कितनी खतरनाक हो सकती है इसका एक ताजा उदाहरण सामने आया है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर की एक विवाहित महिला ने अपने पिता की कार चुराई और उसे होरोइन खरीदने के लिए 90 हजार रुपये में बेच दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला चार साल के बच्चे की मां है और उसका शिमला में विवाह हुआ था, जहां उसका ससुराल है लेकिन वह यहां अपने मायके में रहती थी।

इस मामले की जानकारी देते हुए महिला के पिता ने 28 जून को पुलिस में दर्ज करवाई। पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत में पिता ने कहा कि उनकी बेटी नशे की आदी है और वह उनकी कार लेकर घर से भाग गई थी।उन्होंने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिनों बाद लौट आई और कार के बारे में पूछने पर कुछ नहीं बोली। हालांकि, पुलिस पूछताछ में महिला ने एक पुरुष मित्र की मदद से गाड़ी चुराकर पंजाब के जालंधर में बेचने की बात कबूल कर ली। कार को हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज से जब्त किया गया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर बोले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू




**अमरावती, एजेंसी।** भाषा पर जारी बहस के बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को हिंदी सहित 17 भाषाओं का ज्ञान था।

'पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव का जीवन और विरासत' विषय पर व्याख्यान देते हुए नायडू ने उन्हें एक महान राजनेता और दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया, जिन पर तेलुगु समुदाय को गर्व है। नायडू ने कहा कि उनके और राव के बीच बहुत अच्छे संबंध थे। नायडू ने राव का ज़िक्र करते हुए कहा, वह एक छात्र नेता, एक स्वतंत्रता सेनानी और 17 भाषाओं में पारंगत विद्वान थे। उन्होंने कहा, अब हम सब बात कर रहे हैं कि आपको हिंदी क्यों सीखनी चाहिए? उन्होंने न केवल हिंदी का ज्ञान लिया बल्कि 17 भाषाएं सीखी। इस तरह वे एक महान व्यक्ति बन गए हैं।

मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारत का भविष्य बदल दिया और उनके द्वारा किए गए सुधारों का आज भी फल मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''1991 से पहले भारत समाजवादी आर्थिक मॉडल अपनाए हुए था। अर्थव्यवस्था में 'लाइसेंस राज' था, विदेशी निवेश सीमित था.

# नए भाजपा अध्यक्ष की चर्चा ने बढ़ाया सस्पेंस, क्या मोदी कैबिनेट में फेरबदल की भी है तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इसी बीच सरकार राज्यपालों में भी बदलाव कर रही है और राज्यसभा के लिए नेता चुने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले कैबिनेट में संभावित फेरबदल के संकेत हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर भाजपा या एनडीए सरकार के किसी दल की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि इन बदलावों के जरिए कैबिनेट फेरबदल के लिए जमीन तैयार की जा रही है।

हाल ही में हरियाणा, गोवा के लिए राज्यपाल और लद्दाख के लिए उपराज्यपालों की नियुक्ति की है। इससे एक दिन पहले ही एडवोकेट उज्ज्वल निकम, मीनाक्षी जैन, हर्षवर्दन श्रृंगला और सी सदानंद मास्टर को राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया गया है। अखबार से बातचीत में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, बड़े मंत्रालय वाले अधिकांश मंत्रियों को पिछली मोदी सरकार से रिपीट किया गया है...। अब तक इस बात पर जोर दिया जाता था कि निरंतरता बनी रही, लेकिन अब कैबिनेट को विदेश मामलों जैसी नई प्राथमिकताओं के साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ के चलते वाणिज्य मंत्रालय फिर संतुलित किया जा सकता है।

रिपोर्ट में भाजपा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कैबिनेट में राज्यसभा सांसद बदले जा सकते हैं, जिनका कार्यकाल अंतिम दौर में है और उन्हें संगठन में जगह दी जा सकती है। वहीं, अन्य का कहना है कि भाजपा जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी से नेताओं को देख सकती है। खास बात है कि बिहार में विधानसभा चुनाव हैं और लोजपा और जदयू बिहार आधारित पार्टियां हैं।

एक भाजपा नेता ने अखबार से कहा, चीजें चल रही हैं और सवाल एक ही है कि अब आगे क्या होगा, गवर्नर में फेरबदल, अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य नेताओं की पार्टी संघठन में नियुक्ति की घोषणा या कैबिनेट फेरबदल। कहा जा रहा है कि भाजपा 37 इकाइयों में से आधे से ज्यादा में अध्यक्षों का चुनाव कर चुकी है। साथ ही जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। फिलहाल, भाजपा की कमान केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के हाथों में है।

## केंद्र के ओडीओपी कार्यक्रम में वायनाड कॉफी का विशेष उल्लेख: प्रियंका गांधी



**वायनाड, एजेंसी।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा है कि इस पहाड़ी जिले की जीआई टैग वाली रोबस्टा कॉफी का केंद्र के 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) कार्यक्रम में विशेष उल्लेख किया गया है जो केरल के किसी उत्पाद को ऐसी पहली मान्यता है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया, ''वायनाड कॉफी को भारत सरकार के ओडीओपी कार्यक्रम में श्रेणी ए कृषि के तहत एक विशेष उल्लेख प्राप्त हुआ है। यह केरल के किसी भी उत्पाद को मिली इस तरह की पहली मान्यता है।''उन्होंने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, '' यह सम्मान वायनाड के किसानों के समर्पण और वायनाड की अर्थव्यवस्था के एक स्तंभ, हमारी जीआई-टैग वाली रोबस्टा कॉफी की विशिष्ट पहचान का जश्न मनाता है''।प्रियंका ने कहा, '' आइए हम अपनी धरती की समृद्धि और इसके लोगों की भावना का सम्मान करें।'' 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) पहल का उद्देश्य प्रत्येक ज़िले से एक अनूठे उत्पाद का चयन, ब्रांडिंग और प्रचार करके पूरे भारत में संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने बीजेपी नेता को भेजा मानहानि नोटिस



**चण्डीगढ़, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह के हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में दिए गए बयान पर भूपेंद्र हुड्डा ने उन्हें मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। 8 जुलाई को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अर्जुन सिंह ने मीडिया से बातचीत में हुड्डा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया था कि हुड्डा ने उनसे कहा था कि अगर वो हर महीने की 30 तारीख को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को 500 करोड़ रुपये नहीं भेजेंगे, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ेगा।

नोटिस में हुड्डा की तरफ से कहा गया है कि अर्जुन सिंह 7 दिन के अंदर माफी मांगें। हुड्डा के बीजेपी सांसद के बयान को अलग-अलग वीडियो प्लेटफॉर्म से हटाया जाए की भी मांग की है। नोटिस में कहा गया है कि अगर वो ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**हुड्डा के भेजे लीगल नोटिस में क्या?**

लीगल नोटिस में कहा गया कि पूर्व बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ??खिलाफ एक झूठा, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक बयान दिया था, जिसे व्यापक रूप से प्रसारित और रिपोर्ट किया जा रहा है। हुड्डा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि यह एक अत्यंत सम्मानित सार्वजनिक हस्ती की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हैं। यह भी कहा गया है कि यह उनके नाम को बदनाम करने, जनता, मीडिया और राजनीतिक बिरादरी की नजरों में उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

अर्जुन सिंह ने दिया था आपत्तिजनक बयान

पूर्व बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था, मैं आपको एक ऐसी बात बताऊं, जो शायद आप सभी को चौंका दे। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक मुख्यमंत्री हुआ करते थे। कुछ समय पहले की बात है, उनका नाम क्या है? हुड्डा, भूपेंद्र हुड्डा। एक दिन मैं उनसे मिलने गया और उन्होंने मुझसे कहा कि अगर वह हर महीने की 30 तारीख को सोनिया गांधी को 500 करोड़ रुपये नहीं भेजेंगे, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से यानी अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा।

## चलती बस में दिया बच्चे को जन्म, तुरंत खिड़की से बाहर भी फेंक दिया; नवजात की मौत

**परभणी, एजेंसी।** महाराष्ट्र के परभणी में 19 वर्षीय युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया, लेकिन उसने और उसका पति होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने नवजात को खिड़की से बाहर फेंक दिया जिससे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पाथरी-सेलु मार्ग की है। एक नागरिक ने देखा कि कपड़े में लिपटी कोई चीज बस से बाहर फेंकी गई जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया, रितिका ढेरे नाम की युवती संत प्रयाग ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस में अल्ताफ शेख (जो उसका पति होने का दावा कर रहा था) के साथ पुणे से परभणी जा रही थी।

उन्होंने कहा, यात्रा के दौरान गर्भवती युवती को प्रसव पीड़ा हुई और उसने एक लड़के को जन्म दिया। हालांकि, दंपति ने नवजात शिशु को कपड़े में लपेटा और बस से बाहर फेंक दिया। स्लीपर बस के चालक ने देखा कि खिड़की से कुछ बाहर फेंका गया है। जब उसने इसके बारे में पूछा तो शेख ने उसे बताया कि उसकी पत्नी का जी मचल रहा था जिसके कारण उसने उल्टी की थी।

अधिकारी ने बताया, इस बीच जब सड़क पर एक व्यक्ति ने बस से फेंकी गई चीज देखी, तो उसने करीब जाकर देखा और एक बच्चे को देखकर दंग रह गया। उसने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। बाद में गश्त पर तैनात स्थानीय पुलिस की एक टीम ने बस को रोक लिया। अधिकारी ने बताया कि वाहन की जांच और प्रारंभिक पूछताछ के बाद, उन्होंने युवती और शेख को हिरासत में ले लिया। दंपति ने बताया कि उन्होंने नवजात को इसलिए फेंक दिया क्योंकि वे इसके पालन-पोषण में असमर्थ थे। उन्होंने बताया कि सड़क पर फेंके जाने से बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ढेरे और शेख दोनों परभणी के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ साल से पुणे में रह रहे हैं।

अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पति-पत्नी होने का दावा किया, लेकिन इस बात को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। अधिकारी ने कहा, उन्हें हिरासत में लेने के बाद, पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। उन्होंने बताया कि परभणी के पाथरी पुलिस स्टेशन में दंपति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को नोटिस जारी कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# संविधान की प्रस्तावना से हटाए जाएं सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द, आरएसएस ने फिर उठाई आवाज



**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा हाल ही में संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की समीक्षा की मांग की गई थी। संघ से प्रेरित साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने इन शब्दों को विचारधारा से प्रेरित बारूदी सुरंग करार दिया है। पत्रिका का कहना है कि इन शब्दों का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को कमजोर करना और राजनीतिक तुष्टिकरण को बढ़ावा देना था। एक लेख के जरिए इन्हें हटाने और मूल प्रस्तावना को बहाल करने की वकालत की गई है।

डॉ. निरंजन बी पूजार ने यह लेख लिखा है। इसका शीर्षक प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता पर पुनर्विचार: भारत की संवैधानिक अखंडता को पुनः प्राप्त करना दिया गया है। लेख में कहा गया है, ÷इन शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ना सिर्फ एक सौंदर्य वाला बदलाव नहीं था, बल्कि यह एक विचारधारा थोपने का प्रयास था, जो भारत की सभ्यता की पहचान और संवैधानिक लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है। लेख के अनुसार, ये शब्द 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से आपातकाल (1975-77) के दौरान जोड़े गए थे। उस समय संसद दबाव में काम कर रही थी। विपक्षी नेता जेल में थे और मीडिया पर सेंसरशिप लागू थी। लेख में लिखा है, यह एक संवैधानिक धोखा था। जैसे कोई व्यक्ति बेहोशी की हालत में हो और उसकी वसीयत में छेड़छाड़ की जाए। हिंदुओं के खिलाफ सेक्युलर शब्द लेख में कहा गया कि भारत में धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा अपनी मूल भावना से भटक गई है।

लेख के मुताबिक, धर्मनिरपेक्षता अब तटस्थता का प्रतीक नहीं रही, बल्कि अल्पसंख्यक अधिकारों के नाम पर यह हिंदुओं के खिलाफ राज्य प्रायोजित भेदभाव का आवरण बन गई है। लेख में इस बात पर बल दिया गया है कि भारत कभी भी न तो एक समाजवादी देश रहा है और न ही नास्तिक धर्मनिरपेक्ष देश इसके मूल में रहा है।

ऑर्गनाइजर के लेख में कहा गया है कि इन शब्दों को हटाना कोई वैचारिक आग्रह नहीं, बल्कि संवैधानिक ईमानदारी की बहाली, राष्ट्रीय गरिमा की पुनर्स्थापना और राजनीतिक पाखंड का अंत है। लेख में कहा गया है,

भारत को अपने संविधान की उस प्रस्तावना की ओर लौटना चाहिए जिसे संविधान सभा ने स्वीकार किया था न कि उस संशोधित प्रस्तावना की ओर जिसे एक जबरन थोपा गया कानून माना जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 52 लाख में खरीदे 160 स्टील जग: कांग्रेस




**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर घपलेबाजी का बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य की भाजपा सरकार ने एक स्टील जग खरीदने के लिए 32 हजार रुपये खर्च किए हैं। इस तरह स्टील जग के कुल 160 नग खरीदने के लिए सरकार की तरफ से 52 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। कांग्रेस ने इसे वर्ल्ड कप नहीं, विष्णुदेव का स्टील जग कहकर तंज कसा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के एक्स हेंडल पर दो दस्तावेजों की फोटो शेयर करते हुए लिखा गया- यह वर्ल्ड कप नहीं, विष्णुदेव का स्टील जग है। एक स्टील के जग की कीमत 32000 रुपए। 160 नग की खरीदी 51,00,000 रुपए। इसके बाद छत्तीसगढ़ भाजपा पर हमला करते हुए लिखा- बेशर्मों ने आदिवासी बच्चों के पैसे को भी नहीं छोड़ा

कांग्रेस की तरफ से शेयर की गई तस्वीर में छत्तीसगढ़ सरकार के एससी, एसटी डेवलपमेंट विभाग के बारे में जानकारी साझा की गई है। इस दस्तावेज के मुताबिक क्लासिक ब्रैंड के 160 जग खरीदे गए हैं, जो कि 1 हजार एमएल के हैं। इनकी कुल कीमत 5199920 रुपये बताई गई है।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्रियों ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



**बांदा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार के मंत्रियों ने मंगलवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्यों की समीक्षा की। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को चित्रकूट और बांदा तथा उनके विभाग के राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने ललितपुर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित एवं अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत, बचाव एवं पुनर्वास व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बयान के अनुसार, स्वतंत्र देव सिंह ने चित्रकूट के रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों, व्यापारियों और किसानों से बातचीत की।

उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षतिग्रस्त दुकान, प्रतिष्ठान और मकान का समुचित सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि प्रभावित लोगों को राहत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जा सके।

मंत्री ने बांदा जिले के चिल्लाघाट स्थित मदनपुर पंप नहर तट से यमुना नदी के जल प्रवाह का निरीक्षण किया और अधिकारियों से तहसील पैलानी एवं सदर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यमुना और केन नदियों के जलस्तर पर सतत नजर रखी जाए।

उन्होंने नदियों के कटाव वाले स्थानों की पहचान कर संरक्षण कार्य समय से पूर्ण करने, राहत एवं बचाव के लिए नाविकों, मोटरबोट और आपदा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लोगों को समय पर अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए।

## उत्तराखंड: सरकारी स्कूलों में प्रतिदिन होगा गीता श्लोकों का पाठ अनिवार्य, जारी हुआ आदेश



**देहरादून, एजेंसी।** पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने के उद्देश्य से, उत्तराखंड सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का दैनिक पाठ अनिवार्य कर दिया है। तुरंत प्रभाव से, राज्य भर के छात्र सुबह की प्रार्थना के दौरान गीता के एक श्लोक से अपना दिन शुरू करेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती द्वारा सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि छात्रों को प्रतिदिन पढ़े जाने वाले श्लोक के अर्थ और वैज्ञानिक प्रासंगिकता के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए।

इस कदम का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा को पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों के साथ मिलाना और छात्रों में मानवीय मूल्यों और चरित्र निर्माण के गुणों का विकास करना है। अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य छात्रों के बौद्धिक, भावनात्मक और नैतिक विकास को पोषित करते हुए मूल्य-आधारित शिक्षा मॉडल को बढ़ावा देना है।

**साप्ताहिक अभ्यास और कक्षा चर्चाएँ:** दिशानिर्देशों के अनुसार, शिक्षकों को सप्ताह का एक श्लोक चुनना होगा, उसे अर्थ सहित स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना होगा, और छात्रों द्वारा नियमित रूप से उसका पाठ सुनिश्चित करना होगा। प्रत्येक सप्ताह के अंत में, चयनित श्लोक पर कक्षाओं में चर्चा की जाएगी और छात्रों की प्रतिक्रिया एकत्र की जाएगी, जिससे उनकी समझ और जुड़ाव को गहरा करने में मदद मिलेगी।

**चरित्र निर्माण और वैज्ञानिक सोच:** शिक्षकों को गीता की दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक शिक्षाओं की व्याख्या करने का भी निर्देश दिया गया है, इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हुए कि वे चरित्र विकास, भावनात्मक संतुलन, नेतृत्व कौशल और तर्कसंगत निर्णय लेने में कैसे सहायक हैं। निर्देश में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि गीता के श्लोक केवल पढ़ने तक सीमित न रहें, बल्कि छात्रों के दैनिक आचरण और दृष्टिकोण को प्रभावित करें।

**एनईपी 2020 के दृष्टिकोण पर आधारित:** यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को समकालीन शिक्षा में शामिल करने की वकालत करती है। आदेश में कहा गया है कि गीता की शिक्षाएँ मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान और नैतिक दर्शन पर आधारित हैं, और इन्हें धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से पढ़ाया जाना चाहिए।

**पाठ्यक्रम में व्यापक सांस्कृतिक एकीकरण:**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले राज्य के पाठ्यक्रम में भगवद् गीता और रामायण की शिक्षाओं को शामिल करने का आह्वान किया था। आगामी शैक्षणिक सत्र में इन परिवर्तनों को दर्शाने वाली नई पाठ्यपुस्तकें शुरू किए जाने की उम्मीद है।

**धार्मिक और शैक्षिक संस्थाओं का समर्थन:** इस कदम को सभी शैक्षिक जगत से समर्थन मिला है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ़्ती शमून कासमी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, ÷राम और कृष्ण दोनों हमारे पूर्वज हैं और हर भारतीय के लिए उनके बारे में जानना ज़रूरी है। उन्होंने मदरसों में संस्कृत भाषा को शामिल करने के लिए मदरसा बोर्ड और संस्कृत विभाग के बीच सहयोग की योजना की भी घोषणा की, जिससे सांस्कृतिक एकता और शैक्षिक समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा।

# टीम इंडिया की सबसे मजबूत दीवार साबित हो रही कमजोर कड़ी...




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड और चेतेश्वर पुजारा... भारतीय क्रिकेट के वो दो मजबूत स्तंभ जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में नंबर 3 पोजीशन लंबे समय तक संभाली. लेकिन पुजारा को जब से टीम इंडिया से हटाया गया है, तब से ही इस पोजीशन पर कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं दिखा जिसने नंबर 3 पर विश्वास दिखाया है. द्रविड और पुजारा इस पोजीशन पर खेलते थे तो नंबर 3 को भारतीय टीम की दीवार कहा जाता था, लेकिन हालिया समय में यह दीवार कमजोर कड़ी साबित हुई है.

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम ने लीड्स टेस्ट में साई सुदर्शन को इस नंबर पर खिलाया जो महज 30 रन (पहली पारी में 0 दूसरी पारी में 30 रन) बना सके. करुण नायर एजबेस्टन टेस्ट (31, 26) और लॉर्ड्स टेस्ट (40, 14) में तीसरी पोजीशन पर खेले, लेकिन उन्होंने भी कुछ खास प्रभावित नहीं किया. ऐसे में सवाल है कि मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 जुलाई से होने वाले मुकाबले में करुण नायर को खिलाया जाएगा या साई सुदर्शन को मौका मिलेगा या एक और दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन को मौका मिलेगा .

### करुण को और कितने मौके?


33 साल के करुण नायर मौजूदा सीरीज में अब तक 6 पारियों में सिर्फ 131 रन बना सके हैं. उनका एवरेज 21.83 है. लीड्स टेस्ट में करुण को निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला, लेकिन जब उन्हें अगले दो टेस्ट में तीसरे नंबर पर ख?िलाया गया, तो वह उस मौके का फायदा नहीं उठा सके. लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में जब टीम को एक स्थिर साझेदारी की जरूरत थी, तब वो गेंद छोड़ने की कोशिश में वे LBW आउट हुए.

वैसे हेड कोच गौतम गंभीर ने सीरीज से पहले साफ कहा था कि करुण को ज्यादा मौके दिए जाएंगे. लेकिन वो गंभीर की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं.

### साई या ईश्वरन में कितना दम, क्या करुण होंगे रिप्लेस

मैनचेस्टर मे 23 जुलाई से होने वाले टेस्ट में करुण नायर को बेंच पर बैठाकर अभिमन्यु ईश्वरन या साई सुदर्शन के विकल्प के साथ भारतीय टीम उतर सकती है. साई सुदर्शन को लीड्स टेस्ट में टीम में मौका मिला था. जहां वो पहली पारी में 0 तो दूसरी पारी में 30 रन पर आउट हो गए थे.

## शुभमन गिल का खुलासा, उम्मीद नहीं थी किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट देखेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि टीम को उम्मीद नहीं थी कि किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट मैच देखेंगे। भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने मंगलवार को लंदन स्थित क्लेरेंस हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। इस दौरान किंग चार्ल्स ने जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, शुभमन गिल समेत अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी परंपरा निभाते हुए लंदन दौरे पर आई भारतीय क्रिकेट टीम का क्लेरेंस हाउस में स्वागत किया। यह एक दोस्ताना मुलाकात थी।

किंग चार्ल्स तृतीय इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रमंडल क्रिकेट टीमों का स्वागत करने की परंपरा रखते हैं। राष्ट्रमंडल प्रमुख के रूप में मेहमानों की मेजबानी कर रहे किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम से बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की झलकियां देखीं। इस मुकाबले में गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को महज 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। गिल ने बीसीसीआई के एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, किंग चार्ल्स बहुत दयालु और उदार हैं। उन्होंने हमसे बहुत अच्छी बातचीत की। उम्मीद नहीं थी कि वह हमारा मैच देखेंगे। किंग चार्ल्स ने बताया कि उन्होंने हमारे मुकाबले के आखिरी सेशन के कुछ अंश देखे। यह एक शानदार अनुभव था। हम इसके लिए बहुत आभारी हैं।

इस दौरान क्लेरेंस हाउस में इंग्लिश अभिनेता और संगीतकार इद्रिस एल्बा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इद्रिस एल्बा सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित यूथ ऑपर्चुनिटीज समिट के लिए लंदन पहुंचे थे। एल्बा ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी भी मौजूद थे। शुक्ला ने किंग चार्ल्स को अपनी पुस्तक स्कार्स ऑफ 1947 भेंट की। राजीव शुक्ला ने एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिटेन के किंग चार्ल्स हम सभी से बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने घर पर मिले।

## इंग्लैंड के जो रूट 8वीं बार नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

- भारत से पंत और जायसवाल को एक-एक स्थान का नुकसान; बुमराह नंबर-1 बॉलर बरकरार



**दुबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने एक बार फिर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट में रूट ने शानदार 104 और 40 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को 22 रन की जीत मिली और रूट को 888 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 की रैंक वापस मिल गई। रूट ने इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक (862 अंक) को पीछे छोड़ा। यह रूट का टेस्ट आठवीं बार नंबर-1 बनना है, और 34 साल की उम्र में वह कुमार संगाकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर-1 बल्लेबाज हैं। भारत से यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को एक-एक जबकि कप्तान शुभमन गिल को 3 स्थान का नुकसान हुआ है। बॉलिंग रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर बने हुए हैं।

**स्टीव चौथे और विलियमसन दूसरे स्थान पर**

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका टेस्ट में 48 रन की पारी खेलकर एक स्थान की छलांग लगाई और अब वह 816 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके साथी कैमरन ग्रीन ने भी 46 और 42 रन बनाकर 16 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 29वें स्थान (619 अंक) पर पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। जबकि हैरी ब्रूक तीसरे पायदान पर खिसक गए हैं।

## ICC ने इंग्लैंड पर लगाया जुर्माना, WTC प्वाइंट्स टेबल में बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली एजेंसी ।** लॉर्ड्स टेस्ट में भारत पर मिली रोमांचक 22 रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने की कीमत इंग्लैंड को चुकानी पड़ी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वाइंट्स टेबल से इंग्लैंड के दो अंक काट लिए गए हैं। टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। इसके मुताबिक, निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। डब्ल्यूटीसी के प्लेइंग कंडीशंस के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, अगर कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं करती, तो प्रत्येक कम ओवर के लिए एक अंक काटा जाता है, यह कटौती समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद की जाती है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार लिया है। इसी के साथ उन्होंने रिची रिचर्डसन के लगाए गए प्रस्तावित जुर्माने को भी स्वीकारा। आईसीसी ने बताया कि ऐसे में औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी है। यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड ने लगाए थे। लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति का दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग्स में अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इसके चलते उनका प्वाइंट पर्सेंटेज 66.67 से घटकर 61.11 रह गया है। इसके परिणामस्वरूप, इंग्लैंड डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गया है। श्रीलंका अब इस टीम को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पायदान पर है। भारतीय टीम चौथे नंबर पर है। लॉर्ड्स में, पहली पारी में स्कोर बराबर होने के बाद इंग्लैंड ने भारत को 193 रनों का लक्ष्य दिया।

**बशीर की जगह डॉसन शामिल**

# भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

**लंदन, एजेंसी।** 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। शोएब बशीर की जगह स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल किया है। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान शोएब बशीर की उंगली टूट गई थी। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के बाकी दो टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखने का फैसला किया। बशीर को लॉर्ड्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में चोट लगी थी, जब रवींद्र जडेजा ने एक जोरदार शॉट सीधे बशीर की तरफ मारा। शॉट पकड़ने की कोशिश में गेंद उनकी उंगली में लग गई। हालांकि, इंजरी के बावजूद शोएब ने चौथी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज का आखिरी विकेट लेकर मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। 35 वर्षीय डॉसन ने आखिरी बार जुलाई 2017 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह इंग्लैंड की तरफ से अब तक तीन टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें क्रमशः 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि तेज गेंदबाज सैम कुक और जेमी ओवरटन काउंटी चैंपियनशिप में खेलने के लिए अपने-अपने काउंटी में लौट गए हैं। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में रोमांचक जीत के बाद इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है।

रवींद्र जडेजा के नाबाद 61 रनों के बावजूद भारत 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 पर सिमट गया और 22 रन से मैच हार गया।



**चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

**पूर्व क्रिकेटर मदन लाल का विराट कोहली से आग्रह**

# मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी

करें,**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के एक दिन बाद 1983 विश्व कप विजेता और भारत के पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से वापसी का आग्रह किया। व्यापक रूप से खेल के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले कोहली ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।



कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की प्रभावशाली औसत से 30 शतकों और 31 अर्धशतकों के साथ 9230 रन बनाकर अपने 14 साल के करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में संन्यास ले लिया। मदन लाल ने कहा, विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट के प्रति जुनून बेजोड़ था। मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें। वापसी में कोई बुराई नहीं है। अगर इस सीरीज में नहीं, तो उन्हें अगली सीरीज में वापसी करनी चाहिए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद भारत के चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं।

कोहली ने 7 टेस्ट दोहरे शतक भी लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे ज़्यादा शतक है। मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर लीड्स में सीरीज के पहले मैच में 5 विकेट से हार के बाद भारत ने दूसरे टेस्ट में प्रभावशाली वापसी की। संयमित गेंदबाजी और बेहतर क्षेत्ररक्षण के साथ, मेहमान टीम ने अंतिम दिन इंग्लैंड को 27/1 पर आउट कर एक से ज़्यादा सत्र शेष रहते यादगार जीत हासिल की।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 192 रनों पर समेट दिया। वाशिंगटन सुंदर ने शानदार प्रदर्शन किया जिन्होंने चार अहम विकेट लेकर मेहमान टीम के लिए एक आसान लक्ष्य रखा। लेकिन, जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने चौथे दिन के अंतिम सत्र और 5वें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय ढंग से भारत को 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रनों पर आउट कर दिया, जबकि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार वापसी की।

## ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं और सकारात्मक परीक्षण के बाद अपने अनंतिम निलंबन से लौटने के बाद से वह अधिकतर निचले स्तर के डब्ल्यूटीए टूर आयोजनों में खेल रही हैं। खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था। 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल रैंकिंग में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं।



महाद्वीप के 20 देशों के शीर्ष सर्फर तीन से 12 अगस्त तक होने वाली एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए यहां महाबलीपुरम में चुनौती पेश करेंगे। एशियाई सर्फिंग महासंघ (एएसएफ) के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में शॉर्टबोर्ड वर्गों में प्रतिस्पर्धा होगी जो ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के वर्ग में होगी। इस प्रतियोगिता के जरिए सर्फर जापान में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे।

## भारतीय हैंडबाल टीम की फिजियोथेरेपिस्ट बनीं मोनिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में होने वाली यूथ एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप में मोनिका टीम के साथ सेवाएं देंगी। चयन पर मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी की संचालिका और कोच स्नेहलता ने मोनिका शर्मा को बधाई दी है। हमीरपुर की बेटी मोनिका शर्मा का चयन भारतीय हैंडवाल टीम में बतौर फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में हुआ है। चीन में होने वाली यूथ एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप में मोनिका टीम के साथ सेवाएं देंगी। चयन पर मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी की संचालिका और कोच स्नेहलता ने मोनिका शर्मा को बधाई दी है। यूथ एशियन वुमन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए भारत की टीम चीन में होगी यूथ एशियन हैंडबाल प्रतियोगिता चीन के लिए रवाना हो चुकी है। इस टीम में मुख्य कोच सचिन चौधरी हैं।



**जापान ओपन बेडमिंटनः**

# सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर, सात्विक-चिराग और लक्ष्य जापान ओपन के दूसरे दौर में

**टोक्यो, एजेंसी।** सिम ने भारतीय खिलाड़ी सिंधू के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की। वहीं, सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही, लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गई। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की। इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।



इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा.

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, गुरूवार 17 जुलाई 2025




उप मुख्यमंत्री ने अमहिया रीवा स्थित निवास में आयोजित बैठक में विधानसभा रीवा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।



## शासन की योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को लाभ दिलाने में कामन सर्विस सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण : उप मुख्यमंत्री

### कामन सर्विस सेंटर के 16 वें स्थापना दिवस पर कार्यशाला का आयोजन संपन्न



रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने में कामन सर्विस सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण है। सीएससी द्वारा हितग्राहियों से समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ लेने का पात्र बनाया जाता है। उन्होंने कामन सर्विस सेंटर के ग्रामीण क्षेत्र के इन्टरप्रेन्योरशिप को अपनी शुभकामनाएँ दी तथा अपेक्षा की कि वह जनकल्याण के कार्य में सतत क्रियाशील रहे। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में कामन सर्विस सेंटर के 16वें स्थापना दिवस पर आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी के माध्यम से लोगों को आधार से लेकर अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजनाओं का लाभ ले पाने में आगे नहीं आ पाते उन्हें सीएससी योजनाओं का लाभ लेने का पात्र बनाया जाता है। श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही है। इनमें आगे आकर लाभ लेना आवश्यक है। लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है जिसके माध्यम से प्रदेश की लगभग आधी आबादी आर्थिक तौर पर सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था आने वाले समय में विश्व में तीसरे स्थान पर होगी। कार्यक्रम में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित सीएससी के प्रभारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 21 जुलाई को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 21 जुलाई को सुबह 10 बजे से किया गया है। इसका आयोजन आईटीआई के वर्ष 2023, 2024 तथा 2025 अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के अप्रेंटिस पद के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि इसमें 18 वर्ष से 25 वर्ष की आयु के फिटर, बेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्टमैन मैकेनिकल, व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों का चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में जिंदल सा लिमिटेड ताल मुंद्रा कच्छ गुजरात की कंपनी शामिल हो रही है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ के साथ नियत तिथि पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो सकते हैं।

## पुलिस ने प्रतिबंधित अवैध नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के कुशल निर्देशन व एसडीओपी सिरमौर श्री उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स की तस्करी करते हुए आदतन अपराधी सनत गौतम उर्फ बम को 50 शीशी प्रतिबंधित ऑनरेक्स कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया है।



घटना का विवरण:-दिनांक 15.07.2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर रीवा डभौंरा मार्ग पर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी सनत कुमार गौतम उर्फ बम पिता प्रद्युम्न गौतम उम्र 50 वर्ष निवासी बदराव गौतमान थाना सिरमौर जिला रीवा के कब्जे से 50 शीशी प्रतिबंधित अवैध नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स कीमती लगभग 10000/- रूपये तथा एक बोलोरो वाहन कीमती 03 लाख का जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8,21,22 एन.डी.पी.एस. एक्ट तथा 5,13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा जाएगा।आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना सिरमौर में कई अपराध दर्ज है।

गिरफ्तार आरोपी में आरोपी सनत कुमार गौतम उर्फ बम पिता प्रद्युम्न गौतम उम्र 50 वर्ष निवासी बदराव गौतमान थाना सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) जप्तशुदा मशरूका में 50 शीशी प्रतिबंधित अवैध नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स कीमती लगभग 10000/- रूपये तथा एक बोलोरो वाहन कीमती 03 लाख। सराहनीय भूमिका में उप निरीक्षक दीपक तिवारी थाना प्रभारी सिरमौर,सहायक उप निरीक्षक प्यारेलाल वर्मा,, आर. 354 कैलाश सोलंकी, महिला आरक्षक पुष्पा सिंह आर. 1113 सत्यप्रकाश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ससुर के निधन पर उप मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर श्री ब्राम्हानंद यादव का निधन उत्तरप्रदेश में उनके गृह ग्राम सुलतानपुर में हो गया है। उनका पार्थिव शरीर पैतृक निवास रीवा स्थित संजय नगर लाया गया। स्वर्गीय श्री यादव के निधन पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल उनके निवास पहुंचकर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री यादव ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुषांगिक



संगठनों में कार्य करते हुए मां भारती की सेवा में अर्पित किया। इस दु:ख की घड़ी में हम सभी की संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वर्गीय यादव के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। अंतिम संस्कार बीहर नदी के किनारे बदरिया मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। अंतिम संस्कार में पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, एसपी विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में परिवारजन तथा रिश्तेदार उपस्थित रहे।

## ब्रह्मानंद यादव के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर एवं संघ के स्वयंसेवक ब्रह्मानंद यादव के अंतिम संस्कार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सहित विधायक और भाजपा नेता उपस्थित हुए. श्री यादव का मंगलवार को सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश में निधन हो गया था जिनका पार्थिव शरीर आज सुबह रीवा पहुंचा उनके निज निवास संजय नगरमें दर्शनार्थ रखा गया जिसमें भाजपा नेताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए श्री यादवराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रीवा के विभाग कार्यवाह, प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती महाकौशल प्रांत, विश्व हिंदू परिषद कार्यालय प्रमुख नई दिल्ली जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाजहित में कार्य किया। उनकी पहचान शिक्षाविद के रूप में रही है श्री यादव के निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व सहज सरल और दीपक धर्मी था राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संस्कारों के साथ अपना पूरा जीवन सादगी और सरलता के साथ जीने वाले व्यक्ति थे सरस्वती स्कूलों के बिस्तार में उनकी बहुत बड़ी भूमिका है ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें वही रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री यादवराष्ट्र और समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया उन्होंने दूसरों को शिक्षा देने के लिए अपना पूरा जीवन लगाया उनको शत-शत नमन. भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता नेमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर श्री ब्रम्हानंद यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सहजता और सरलता हमेशा हम सबको प्रेरणा देती रहेगीहै ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं श्री ब्रह्मानंद यादव के निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडे मऊगंजभाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा उमाशंकर पटेल श्रीमती मनीष पाठकडॉ. मुजीब खान राजगोपालचारी रमेश गर्ग विद्या प्रकाश श्रीवास्तव राजेंद्र पांडे नारायण मिश्रा अनिल पटेल कमलेश सचदेवा अनिल बुधनीश्रीमती साधना गुप्ता योगेंद्र शुक्ला विवेक गौतम.राजेश सिंह शिवम द्विवेदी गौरव पांडे हेमलता सिंह श्रीमती विभा पटेल श्रीकांत तिवारी श्रीमती ससकिरण मिश्रा अमरेश पांडे राजेश सिंह जय प्रताप सिंह बुद्धसेन नापित डॉ नितिन चतुर्वेदी संजीव गुप्ता देवेंद्र पांडे जय प्रताप सिंह वीरेश पांडे विवेक पांडे छोटू सहित समस्त भाजपा नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी। बैठक में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति रीवा तथा मऊगंज जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण, बिजली विभाग की ट्रिपल आरडीएसएस योजना के क्रियान्वयन, जल जीवन मिशन के कार्यों तथा ग्राम पंचायतों में बस्ती विकास योजना के कार्यों एवं प्रस्तावित कार्य योजना की समीक्षा की जाएगी।

## बाढ़ से बचाव के लिये उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ विचार मंथन

### रीवा में नदी के ग्रीन वेल्ट में अतिक्रमण को रोकते हुए नदी के चौड़ीकरण की कार्ययोजना बनायें : शुक्ल

**रीवा।** रीवा शहर में गत दिनों अत्यधिक वर्षा के कारण जलभराव होने से कई मोहल्ले प्रभावित हुए थे और बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में बाढ़ से बचाव के लिये विचार मंथन किया गया तथा वर्ष 2016 की बाढ़ के उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ से बचाव के लिये बनाए गये प्रोजेक्ट में सुझाये गये बिन्दुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में नदी के किनारे ग्रीन वेल्ट में अतिक्रमण को रोकें ताकि नदी का प्रवाह अवरूद्ध न हो। उन्होंने उन्नत पुल से आगे करहिया की तरफ नदी के प्रवाह में पद्मधर कालोनी से लगे किनारे को दोनों तरफ चौड़ा करने की कार्ययोजना पर कहा कि शासकीय भूमि के अतिरिक्त निजी भूमि स्वामियों की सहमति से चौड़ीकरण कार्य कराया जाय ताकि बार बार आने वाली बाढ़ से मुक्ति मिले। उन्होंने करहिया पुल के नीचे बने वक्से के अवरोध को हटाने तथा चौड़ाई के बाद चैनलिंग करने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि उन्नत पुल से करहिया पुल तक तथा उससे आगे वायपास पुल तक नदी को चौड़ा किये जाने की कार्ययोजना बनाई जाय। नदी के अपस्ट्रीम में पूर्व के निर्मित तीन बांधों के वेस्ट वेयर, बंड को दुरूस्त करने तथा गेट बंद करने की कार्ययोजना भेजें ताकि उन बांधों में वर्षा का जल संग्रहित हो और नदी में ज्यादा पानी न आये और बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एलए का प्रस्ताव बनायें तथा बांधों के वेस्ट वेयर, बंड को दुरूस्त करने की भी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इस अवसर पर पूर्व मुख्य अभियंता आर.एन. शर्मा ने बाढ़ रोकने के लिये बनाये गये प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण कर आवश्यक सुझाव दिये।

## शिशुओं और महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए मिलकर प्रयास करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शिशुओं और महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग मिलकर प्रयास करें। ग्राम स्तर से लेकर संभाग स्तर तक दोनों विभाग समन्वित प्रयास करेंगे तभी बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार होगा। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण हो सकेगा। दोनों विभागों के हितग्राही तथा लक्ष्य समूह एक हैं। इसलिए दोनों को समन्वय के साथ प्रयास करने की आवश्यकता है। हर गर्भवती महिला का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराकर जाँच सुनिश्चित करें। हाईरिस्क गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिन्हित करके समय पर अस्पताल में भर्ती कर समुचित उपचार की सुविधा दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार व्यवस्था एवं पोर्टल में जानकारी दर्ज करने की नियमित समीक्षा करें। गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कर 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सिंगरौली जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी की एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने रीवा शहरी क्षेत्र, हनुमना, बैढ़न, चितरंगी तथा सोहावल के बीएमओ की भी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि चिन्हित सभी डिलेवरी प्वाइंट में प्रसव की पूरी सुविधा रखें। शत-प्रतिशत प्रसव अनिवार्य रूप से अस्पतालों में हों। घर में प्रसव की जानकारी मिली तो जिम्मेदारी तय करके कार्यवाही की जाएगी। महिलाओं और बच्चों में खून की कमी के कारणों का विश्लेषण करके उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करें। भोजन में मुनगा, नींबू, पालक, गुड़, महुआ, दाल, मोमफली जैसे स्थानीय वस्तुओं का समुचित उपयोग करके भी अच्छा पोषण मिल जाता है। इस संबंध में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं के घर हर सप्ताह भ्रमण करें। उनके घर में माह में एक बार गर्भवती महिला के साथ में भोजन करके अच्छे पोषण के संबंध में जागरूक करें।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस द्वारा शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को किया गया जागरूक

**रीवा।** नशे से दूरी है जरूरी''अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16.07.2025 को रीवा के समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में संचालित स्कूलों/कॉलेजो व शिक्षण संस्थाओं में नशे के प्रति जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम, रील्स शार्ट फिल्म इत्यादि का आयोजन किया गया। नशा नकरने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिको को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना एवं नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना था।




कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल के छात्र छात्राओं एवंआमजन को यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्र छात्राओ ने नशे के संबंध में सवाल जवाब भी किये उनके सवालों के जवाब देते हुये कहा गया कि यदि आपके क्षेत्र में कहीं भी नशे का कारोबार/धंधा आदि चल रहा है, उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगासाथ ही पुरूस्कृत किया जायेगा।पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। इस जागरूकता कार्यक्रम'' में सायबर सेल से निरीक्षक विजय सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षकश्रृंगेश राजपूत, थाना प्रभारी सोहागी पवन शुक्ला ,थानाप्रभारी गोविन्दगढ उनि0 अरविन्द राठौर, थाना प्रभारी बिछिया उनि0मनीषा उपध्याय, थाना प्रभारी गुढउनि0 शैल यादव,थाना प्रभारी सगराउनि0 अंकिता मिश्रा, थाना समान से उनि0 आंचल सिंहने बताया कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक/छात्र-छात्राएं आमजन (प्रतिष्ठत व्यक्ति) उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा माझी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित जवा रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक शिवम अहिरवार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833